केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com




महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

'मिठाइयां' कुछ खास अवसरों पर ही बांटी जाती हैं, पर 'मीठा व्यवहार' तो प्रतिदिन बांटा जा सकता है, क्योंकि इसे पाने वाला तथा देने वाला दोनों स्वस्थ रहते हैं.


वर्ष : 16 अंक : 215 | उज्जैन, बुधवार 14 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


## न्यूज ब्रीफ

### सावरकर की तस्वीरें हटाने की याचिका पर SC का सुनवाई से इनकार, जुर्माना लगाने की दी चेतावनी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसमें संसद और अन्य सार्वजनिक स्थानों से विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीरें हटाने की मांग की गई थी। अदालत ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी, हालांकि याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने निरर्थक याचिका दायर करने के लिए याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी बी. बालमुरुगन को चेतावनी दी कि अदालत का समय बर्बाद करने के लिए भारी लागत लगाई जा सकती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इस तरह की याचिका मानसिकता को दर्शाती है। पीठ ने उस समय कड़ी नाराजगी जताई जब याचिकाकर्ता ने कहा कि वह आर्थिक परेशानी के कारण अदालत में आकर खुद बहस नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप आईआरएस में थे। आप दिल्ली आ सकते हैं, खुद पेश हो सकते हैं और बहस कर सकते हैं। आप अपने आप को क्या समझते हैं? बालामुरुगन ने याचिका में संसद के केंद्रीय कक्ष और अन्य सार्वजनिक स्थानों से सावरकर के चित्र हटाने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका में सरकार को ऐसे लोगों को सम्मान देने से रोकने की मांग की गई थी, जिन पर हत्या, हत्या की साजिश या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों जैसे गंभीर अपराधों आरोप लगे हों, जब तक वे अदालत से बरी न हो जाएं। सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता की पृष्ठभूमि और उनके सेवा रिकॉर्ड पर सवाल किए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कृपया इन सब में न पड़ें। अब अपनी सेवानिवृत्ति का आनंद लें। समाज में कुछ रचनात्मक भूमिका निभाएं। परिणाम को भांपते हुए, बालामुरुगन ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

### हरिद्वार में बिजली चोरी पकड़ने गई ऊर्जा निगम की टीम पर हमला, महिला समेत तीन लोगों ने लाइनमैन को पीटा



**सुल्तानपुर/ जीएनएस।** मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव में बिजली चोरी की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। टीम में शामिल लाइनमैन के साथ एक महिला समेत तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले में लाइनमैन की तहरीर पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार दोपहर ऊर्जा निगम के जेई पवन सक्सेना के नेतृत्व में टीम सुल्तानपुर क्षेत्र के मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव पहुंची। यहां विद्युत बिल बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 11 कनेक्शन काटे गए, जबकि दो घरों के विद्युत मीटर उखाड़े गए। जांच के दौरान तीन घरों में बिजली चोरी भी पकड़ी गई। बताया गया कि जब लाइनमैन अशरफ एक घर में बिजली चोरी रोकने के लिए केबिल काटने मकान की छत पर चढ़ने लगा, तभी घर में मौजूद एक महिला समेत तीन लोगों ने उसका विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। लाइनमैन से मारपीट की गई। मौके पर मौजूद ऊर्जा निगम के अधिकारियों और ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जेई पवन सक्सेना ने बताया कि टीम सरकारी निर्देशों के तहत बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी, लेकिन कर्मचारियों के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। लाइनमैन अशरफ ने सुल्तानपुर पुलिस को तहरीर देकर सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज और मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लक्सर कोतवाली के एसएसआइ लोकपाल परमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश के खिलाड़ियों को समग्र सुविधाएँ करायेंगे उपलब्ध : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने मशाल प्रज्जवलन के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स की घोषणा की



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खेलो एमपी यूथ गेम्स की भव्य लांचिंग ओलम्पिक खेलों की तरह हुई है। आगाज़ ऐसा हुआ है तो अंजाम भी बहुत सुखद ही होगा। राज्य सरकार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदानों के उन्नयन के लिये कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को लाखों नहीं, करोड़ों तक की सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के बोट क्लब पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां किसी वैश्विक आयोजन का नजारा दिख रहा है। उन्होंने आयोजक खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और उनके विभाग को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल से किया गया कार्य इसी तरह छटा बिखेरता है। समारोह में वॉटर प्रोजेक्शन, लेजर-शो, भव्य आतिशबाजी, शेफाली अल्वारेस एवं दिव्या कुमार की प्रस्तुति के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स की शुरूआत हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह इसलिए भी प्रशंसनीय आयोजन है क्योंकि यहां व्यापक जन भागीदारी दिखाई दे रही है। इससे खिलाड़ी उत्साहित और प्रोत्साहित होंगे। खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के स्लोगन ÷मध्यप्रदेश की जय-सबकी विजय%% की सराहना की। खेल संघों के संयुक्त समन्वय से आयोजित झीलों की नगरी भोपाल से एमपी के सबसे बड़े खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ समारोह में भोपाल के तालाबों की भव्यता सजीव रूप में दिखाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी खेलों में देश आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश भी इसमें कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में पिट्टू जैसे खेलों को शामिल कर नवाचार किया गया है। साथ ही ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को निखारने के लिये विकासखण्ड, जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई हैं। इसमें डेढ़ लाख खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। मेरी सभी खिलाड़ियों से आशा है कि जो भी काम करो, दिल से करो, तो परिणाम सुखद ही प्राप्त होगा।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर खेल सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। वहीं हमारे खेल प्रेमी मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों का लगातार उन्नयन हो रहा है। कार्यक्रम में ÷खेलो एम. पी यूथ गेम्स÷ के लोगो, थीम सांग, टीशर्ट और शुभंकर (मैस्कॉट) लाँच किया गया। प्रतियोगिता 31 जनवरी तक होगी। यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे राज्य टीम चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

राज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को लगभग 4 करोड़ रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। इसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार रूपये, द्वितीय 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रूपये रहेगा। चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होगी। खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 में कुल 28 खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। खेल संघों के साथ बेहतर समन्वय के लिये खेल विभाग द्वारा समन्वय अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों को बड़ी संख्या में आमंत्रित किया गया। राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि जिन खेलों की परंपरा एवं लोकप्रियता जिस क्षेत्र में है, उन्हीं क्षेत्रों में संबंधित खेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

समारोह के मुख्य आकर्षण में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के चित्रों को वॉटर प्रोजेक्शन के माध्यम से देखकर दर्शक अभिभूत हुए। बड़े तालाब पर कतारबद्ध रोशनी के साथ खड़े शिकारों ने दर्शकों का मन मोहा। लोक कलाकारों के सामूहिक नृत्य से समारोह की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में मंत्री श्री कुंवर विजय शाह, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवान दास सबनानी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, डीजी श्री कैलाश मकवाना, श्री हितानंद शर्मा और खेल संचालक श्री राकेश कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## मनरेगा के नाम पर सरकारी धन की होती थी बंदरबांट, मजदूरों में 80 साल के बुजुर्गों का भी नाम



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में फर्जीवाड़े की गजब कहानी सामने आई है। लगभग पांच लाख ऐसे श्रमिकों के नाम पर सरकारी धन की बंदरबांट होती रही, जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है। मनरेगा के तहत कराए जाने वाले सभी कार्य कठिन शारीरिक श्रम वाले होते हैं, जैसे मिट्टी की खुदाई, तालाबों, पोखरों, कच्ची सड़कों का निर्माण और मेड़बंदी।

ऐसे में यह मानना कठिन है कि 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके लोग फावड़ा उठाकर ये सारे काम कर रहे होंगे। स्पष्ट है कि बुजुर्गों के नाम का इस्तेमाल काम कराने के लिए नहीं, बल्कि सरकारी पैसे निकालने के लिए किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय की जांच में कई मामलों में ऐसे लोगों के नाम भी दर्ज मिले हैं, जिनकी कार्यक्षमता वर्षों पहले समाप्त हो चुकी है या जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

6.50 करोड़ से अधिक लोग पंजीकृत- देशभर में मनरेगा के तहत 6.50 करोड़ से अधिक लोग पंजीकृत हैं। इनमें 61 वर्ष से ऊपर के श्रमिकों की संख्या एक करोड़ से अधिक है। यानी कुल पंजीकृत कामगारों का लगभग 15.6 प्रतिशत हिस्सा ऐसे लोगों का है, जिनकी उम्र सामान्य तौर पर कठिन शारीरिक श्रम के अनुकूल नहीं मानी जाती। हैरत तब होती है, जब 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी श्रमिक के रूप में दर्ज पाया गया। सवाल यह है कि इनसे किस तरह का काम कराया गया होगा।

वास्तविकता यही है कि फर्जी जॉब कार्ड, नाममात्र की हाजिरी और बनावटी मस्टर रोल के सहारे सरकारी राशि निकाल ली गई। राज्यवार आंकड़े इस गड़बड़ी की गहराई को और उजागर करते हैं। केरल में कुल मनरेगा श्रमिकों में 61 वर्ष से अधिक उम्र वालों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत तो तेलंगाना में यह 30 प्रतिशत से अधिक है। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, पुडुचेरी, गोवा, लद्दाख, मणिपुर, नगालैंड और मिजोरम जैसे राज्यों में भी 61 से 80 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक है। 80 वर्ष से ऊपर के श्रमिकों के आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे श्रमिकों की संख्या 1,22, 902 और तेलंगाना में 1,22,121 है। तमिलनाडु में 58,976, राजस्थान में 36,119, पंजाब में 17,683, केरल में 16,208, मध्य प्रदेश में 15,023 और महाराष्ट्र में 12,039 श्रमिकों की उम्र 80 वर्ष से ज्यादा दिखाई गई है। यह महज डाटा एंट्री की चूक नहीं हो सकती, बल्कि लंबे समय से चल रहा संगठित खेल है। रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों और स्थानीय प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से फर्जी नामों पर काम दिखाया गया।

जरूरतमंद काम मांगते रहे, कागजों में बुजुर्गों काम करते रहे- बाद के वर्षों में भुगतान को आधार और बैंक खातों से जोड़कर पारदर्शिता लाने की कोशिश जरूर की गई, लेकिन जमीनी स्तर पर सत्यापन की कमजोरी बनी रही। उम्र और कार्यक्षमता की जांच औपचारिकता बनकर रह गई। मस्टर रोल और भुगतान प्रक्रिया की वास्तविक निगरानी न होने से फर्जीवाड़ा बेरोकटोक चलता रहा।

### दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी इमिग्रेशन की गहरी साजिश की जांच करेगी एनआईए




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़े अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसकी जांच पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कर रही थी। मामले में केंद्रीय एजेंसी ने अपनी जांच शुरू कर दी है और उम्मीद है कि वह इसमें शामिल पूरे सिंडिकेट का पता लगाकर और नेटवर्क से जुड़े पैसे के लेन-देन का पता लगाकर जांच का दायरा बढ़ाएगी। इस मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, एनआइए ने पिछले हफ्ते दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने के बाद इस मामले में एक नई एफआइआर भी दर्ज की है। यह कदम गृह मंत्रालय के उन निर्देशों के तहत उठाया गया है, जिसमें अवैध इमिग्रेशन को बढ़ावा देने वाले और संभावित सुरक्षा चिंताएं पैदा करने वाले संगठित नेटवर्क पर कार्रवाई करने को कहा गया था। इस मामले को, जिसमें बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं, गहरी साजिश बताया गया है। इसे शुरू में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध इमिग्रेशन पर बड़े पैमाने पर की गई कार्रवाई के दौरान रजिस्टर किया था। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने कम से कम दो एफआइआर दर्ज की थीं।

### गणतंत्र दिवस पर विशेष पहलः रायसीना हिल्स भी लोकल के लिए वोकल



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले एट होम समारोह की परंपरा के साथ अब एक और पहल कदमताल करते हुए परिपाटी बनती दिखाई दे रही है। भारत के विविध भौगोलिक क्षेत्रों में फैले हस्तशिल्प के विशेष प्रोत्साहन का ही प्रयास है कि इस अतिविशिष्ट समारोह के निमंत्रण पत्र के साथ हस्तशिल्पियों की पारंपरिक कला को प्रदर्शित करने वाले उपहार भेजे जा रहे हैं।

रायसीना हिल्स से शुरू हुई वोकल फार लोकल की गूंज में इस बार अष्टलक्ष्मी यानी पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के हस्तशिल्प का यशगान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की ओर से इस बार गणतंत्र दिवस के एट होम के लिए विशिष्ट अतिथियों को जो निमंत्रण पत्र भेजा है, उसे इस तरह से डिजाइन किया गया है, जो कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प का प्रतीक बन गया है।

### शराबी सैनिकों को सशस्त्र सीमा बल से हटाने का अभियान शुरू, 50 मामलों की पहचान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** नेपाल और भूटान के साथ बाड़ रहित भारतीय सीमाओं की सुरक्षा करने वाले सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने अपने शराब के लती सैनिकों को सेवा से हटाने की अभियान शुरू कर दिया है। केंद्रीय सुरक्षा बल एसएसबी ने कम से कम ऐसे पचास मामलों की पहचान की है, जिसके चलते यह सैन्य बल इन सैनिकों को सेवा से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

अधिकारियों ने बताया कि 8-10 कर्मियों को चिकित्सा और कानूनी प्रक्रियाओं के बाद पिंक स्लिप दी गई है, जबकि शेष के खिलाफ समान प्रक्रियाएं चल रही हैं। यह कार्रवाई उन कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही है, जिन्हें कई वर्षों से शराब की अत्यधिक लत से पीड़ित पाया गया और जिन्हें शराब निर्भरता सिंड्रोम (एडीएस) के मामलों में वर्गीकृत किया गया। ऐसे सैनिक अपनी सुरक्षा, अपने सहयोगियों और आम जनता की भलाई के लिए खतरा बनते हैं। जब उन्हें शराब से वंचित किया जाता है, तो ऐसे सैनिक खुद को या अपने सहयोगियों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। खासकर तब जबकि प्रत्येक एसएसबी यूनिट के कैंप में बंदूकें उपलब्ध होती हैं।

## टैरिफ पर तनाव के बाद भी क्यों साथ हैं भारत-अमेरिका? लोकतांत्रिक देशों की अहम बैठक, अश्विनी वैष्णव भी हुए शामिल



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** आयात शुल्क को लेकर भारत और अमेरिका के बीच भले ही अभी तनाव चल रहा हो लेकिन क्रिटिकल मिनिरल्स के क्षेत्र में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर दोनों देशों सहमत हैं। एक दिन पहले नई दिल्ली में अमेरिका के नये राजदूत सर्जियो गोर क्रिटिकल मिनिल्स पर नये संगठन पैक्स सिलिका का सदस्य बनने का प्रस्ताव भारत के समक्ष रखा।

इस प्रस्ताव के कुछ ही देर बाद वाशिंगटन में अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट की अगुवाई में हुई लोकतांत्रिक देशों की एक बैठक में भारत के रेलवे, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हिस्सा लिया है। इस बैठक को दुनिया में क्रिटिकल मिनिरल्स के खानों व प्रसंस्करण पर चीन के बढ़ते दबदबे के खिलाफ लोकतंत्रिक देशों को एकजुट करने के तौर पर माना जा रहा है ताकि सेमीकंडक्टर, सौर ऊर्जा व अन्य प्रौद्योगिकी आधारित मैन्यूफैक्चरिंग के लिए दुर्लभ धातुओं की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

साझा सहयोग पर बनी सहमति- बैठक मे जापान, इजरायल, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, फ्रांस के वित्त मंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में एक महत्वपूर्ण सहमति बनी है कि सभी सहभागी देशों ने एक-दूसरे के साथ शोध और अनुसंधान साझा करने पर सहमति जताई, ताकि क्रिटिकल मिनरल्स की खोज, निष्कर्षण और प्रसंस्करण में सहयोग बढ़ाया जा सके। वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिए इस बैठक को जरूरी बताते हुए अमेरिकी सरकार ने कहा है कि, चर्चा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने एकमत से इस बात पर जोर दिया कि महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में प्रमुख कमजोरियों को जल्द से जल्द दूर किया जाना चाहिए।

सेक्रेटरी बेसेंट ने आशा व्यक्त की है कि देश जोखिम कम करने की नीति अपनाएंगे और वे महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं में वर्तमान कमियों को ठीक करने की जरूरत को भली-भांति समझते हैं। दुर्लभ खनिज के 60 से 90 प्रतिशत वैश्विक भंडारों पर कब्जा जमाए चीन की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि ये आपूर्ति श्रृंखलाए अब काफी हद तक केंद्रित हो चुकी हैं, जिससे व्यवधान पैदा करने या हेरफेर करने की संभावना बढ़ गई है।

## क्रुर भगदड़ मामले में एक्टर विजय की बढ़ीं मुश्किलें




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** तमिलनाडु के करूर में हुई भगदड़ मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी सिलसिले में टीवीके प्रमुख और एक्टर विजय को सीबीआई ने पूछताछ के लिए 19 जनवरी को फिर से दिल्ली बुलाया है। विजय से कल भी पूछताछ की गई थी।

सूत्रों ने बताया कि करीब 6 घंटे तक चली पूछताछ में उन्होंने जांच एजेंसी के बताया कि इस भगदड़ के लिए उनकी पार्टी जिम्मेदार है, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी।

27 सितंबर के हुई इस घटना की जांच कई बार अलग-असग एजेंसियों को सौंपी गई। बात में यह मामला सीबीआई को तब सौंपा गया जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जांच की जरूरत है और तमिलनाडु सरकार द्वारा पहले से नियुक्त एक सदस्यीय आयोग को रद कर दिया।

कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक पैनल द्वारा की जानी चाहिए।

भगदड़ में गई 41 लोगों की जान- शुरुआत में, मद्रास हाई कोर्ट ने त्रासदी की वजहों की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई थी।

# पौने 2 करोड रुपये कीमत की एक्सपायर बीयर को किया गया नष्ट

### निश्चिम समय पर निर्यात नहीं होने से 2 लाख 23 हजार 316 लीटर बीयर हो गई थी एक्सपायर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इन्दौर जिले के सिमरोल क्षेत्र स्थित माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमि. मेमदीग्राम में निर्धारित नियमों एवं मानक संचालन प्रकिया के अंतर्गत विभिन्न ब्राण्डों की 23154 पेटियों में भरी 2 लाख 23 हजार 316 लीटर एक्सपायर बीयर को नष्ट किया गया है, जिसका डिस्टलरी मूल्य लगभग पौने 2 करोड रुपये है। उपायुक्त आबकारी श्री संजय तिवारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा नियमानुसार बीयर को नष्टीकरण करवाया गया।

इस संबंध में सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी द्वारा बताया गया कि माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमि. मेमदीग्राम, सिमरोल द्वारा मध्यप्रदेश सहित दिल्ली, असम एवं महाराष्ट्र राज्यों में भेजे जाने हेतु उक्त बीयर निर्मित की गयी थी, परन्तु उक्त राज्यों से समय पर डिमाण्ड न प्राप्त होने से निश्चित समय के भीतर उपरोक्त बीयर प्रदाय/निर्यात नहीं की जा सकी थी। उक्त बीयर की निर्माण तिथि से 6 माह की अवधि अधिक हो जाने की जानकारी इकाई प्रभारी द्वारा आबकारी विभाग को दी गयी। उक्त जानकारी को आबकारी विभाग द्वारा गंभीरतापूर्वक लिया जाकर नियमानुसार प्रक्रिया का पालन कर इसके नष्टीकरण की कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उक्त बीयर का किसी भी स्तर पर विक्रय अथवा आपूर्ति नहीं हो।

आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित प्रकियानुसार स्कंध का सत्यापन, गणना आदि कर विभाग की सतर्क निगरानी में एक्सपायर बीयर का नष्टीकरण किया गया, ताकि जन स्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा बनी रहे। सम्पूर्ण कार्यवाही तीन दिवसों गत तीन दिवसों में की गई। सबसे पहले बोतल में भरी बीयर को बहाकर नष्ट किया गया तथा केन में भरी बीयर को बुल्डोजर एवं जे.सी.बी मशीन से कुचलकर नष्ट किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करायी गयी।

उक्त कार्यवाही के दौरान नष्टीकरण हेतु गठित समिति में नामांकित अधिकारी श्री संजय तिवारी उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता संभाग इन्दौर, श्री अभिषेक तिवारी सहायक आबकारी आयुक्त इन्दौर, श्रीमती प्रतीक्षा शर्मा (इकाई प्रभारी अधिकारी), श्री धर्मेन्द्र जोशी, श्री जहांगीर खान एवं श्री राजेश जैन एवं आर एस पुरोहित समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी तथा आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती मीना माल एवं आबकारी आरक्षक गण उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए 21 पुलिसकर्मी सम्मानित, 35 लाख के डोडा चूरा तस्कर पकड़ने वाली टीम को विशेष सराहना



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में बेहतर पुलिसिंग और सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन में साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 13 जनवरी 2026 को पलासिया स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 21 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने सभी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि इंदौर पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने अपने कर्तव्य क्षेत्र में साहस, तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है, ऐसे कर्मियों को सम्मानित करना पूरे पुलिस बल का मनोबल बढ़ाता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में थाना एरोड्रम के राम शाक्य, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक कैलाश मेढ़ा एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक दिनेश सोलंकी शामिल रहे, जिन्होंने आत्महत्या का प्रयास कर रहे व्यक्ति की समय पर सहायता कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना तेजाजी नगर के कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक हरीश दवे, आरक्षक अरुण घुरैया एवं कैलाश विश्वकर्मा को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पंजाब के तस्कर को पकड़कर 887 किलो डोडा चूरा, जिसकी कीमत लगभग 35 लाख रुपये है, जप्त करने में अहम भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया।

### चायना धागे से पतंगबाजी पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर होगी अब और कठोर कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गत समय में घटित विभिन्न घटनाओं से यह संज्ञान में आया है कि पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चायना (नायलॉन/सिंथेटिक) धागे के कारण पक्षियों के साथ-साथ जनसामान्य को गंभीर क्षति पहुँच रही है।

कई मामलों में पक्षी चायना धागे में उलझकर घायल हुए हैं तथा कुछ प्रकरणों में उनकी मृत्यु भी हुई है। इसी प्रकार, सड़क पर चलने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए भी यह धागा अत्यंत घातक सिद्ध हुआ है, जिससे कुछ मामलों में जनहानि की घटनाएँ भी घटित हुई हैं। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जन-जीवन एवं पशु-पक्षियों की सुरक्षा के उद्देश्य से पतंगबाजी में चायना धागे के उपयोग पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है।

इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश पूर्व में जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद यह देखने में आ रहा है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा चोरी-छिपे चायना धागे का उपयोग कर पतंगबाजी की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप हाल के दिनों में जनहानि जैसी घटनाएँ सामने आई हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि इस प्रकार के कृत्य किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं हैं।

## दुष्कर्म के मामले में दो माह से फरार 10 हजार के इनामी आरोपी शादाब बैग को खजराना पुलिस ने बेंगलुरु से किया गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में महिला संबंधी एवं गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के निर्देशन में थाना खजराना पुलिस द्वारा दुष्कर्म के एक गंभीर प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

थाना खजराना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव द्वारा एक विशेष टीम गठित कर महिला संबंधी गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु गोपनीय रूप से लगातार आसूचना संकलन एवं तकनीकी निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान दुष्कर्म के मामले में पिछले दो माह से फरारी काट रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी शादाब बैग को पुलिस ने कड़ी मेहनत और सतत प्रयासों के बाद बेंगलुरु से विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को फरियादिया ने थाना खजराना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी शादाब बैग उम्र 36 वर्ष निवासी खिज्राबाद, खजराना ने उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार दुष्कर्म किया। फरियाद के आधार पर थाना खजराना में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 35(3), 64 एवं 64(2)(द्व) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था।

# भागीरथपुरा क्षेत्र में अभियान स्वास्थ्यवर्धन जारी

### मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर का किया गया आयोजन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को 50 दलों ने भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे किया। 182 सदस्यों ने 1657 घरों तक सर्वे दल पहुँचें और 4827 सदस्यों तक पहुँच बनी। महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गई। रक्तचाप, शुगर एवं एनीमिया की जांचे भी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में आज ओपीडी में 12 मरीज डायरिया के आए, जिसमें से 03 को रैफर किया गया। हेल्थ कार्ड आज भागीरथपुरा क्षेत्र के निवासियों को वितरित किये गए हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य के सूचकांकों की जानकारी दी गई है। आशा कार्यकर्ताओ ने लोगों को भयमुक्त रहने के बारे में समझाईश दी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 03 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है।

मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जॉच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है।

आज अभियान स्वास्थ्यवर्धन के अंतर्गत मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय को मानसिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए ब्रिदींग प्रेक्टिस तथा अन्य तरीके भी सिखाए गए, जिसमें लोगों ने अपने आपको काफी सहज एवं सुरक्षित महसूस किया तथा इसकी प्रशंसा की।

बताया गया कि अस्पताल में भर्ती मरीज ठीक होकर अपने घरों को लौट रहे हैं। भर्ती मरीजों की संख्या तेजी से कम हो रही है। वर्तमान में अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 39 है, जिसमें से आईसीयू में 10 मरीज भर्ती हैं।

# इंदौर पुलिस की चाइनीज मांझे पर सख्त कार्रवाई, एक दिन में 20 प्रकरण दर्ज, 25 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज/नायलॉन मांझे के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार प्रभावी रूप से जारी है। मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहे चाइनीज मांझे के क्रय-विक्रय और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करते हुए पुलिस न केवल बेचने वालों बल्कि इसका उपयोग कर पतंग उड़ाने वालों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर शहर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष निगरानी और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 जनवरी 2025 को इंदौर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक ही दिन में 20 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिनमें कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया गया। सभी मामलों में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(ड्ड), 125 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई है।

तेजाजी नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चाइनीज मांझा बेचते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। राऊ थाना क्षेत्र में चार अलग-अलग प्रकरणों में चार आरोपियों को पकड़ा गया। मल्हारगंज थाना पुलिस ने तीन मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर मांझा जब्त किया। एरोड्रम, राजेंद्र नगर, लसुडिया, बाणगंगा, जूनी इंदौर, रावजी बाजार और चंदन नगर थाना क्षेत्रों में भी चेकिंग के दौरान चाइनीज मांझे के साथ आरोपियों को पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की गई। कुछ मामलों में आरोपी चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाते हुए भी पकड़े गए।

पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से मांझे की खरीदी-बिक्री के स्त्रोतों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। अवैध रूप से चाइनीज मांझा संग्रहित करने वालों के गोदामों और दुकानों को सील किया जा रहा है तथा गंभीर मामलों में आरोपियों के विरुद्ध जिलाबदर की कार्रवाई भी की जा रही है।

इंदौर पुलिस ने जनहित में नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का उपयोग न करें और केवल पारंपरिक सूती धागे का ही प्रयोग करें। यदि कहीं भी चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री या भंडारण की सूचना मिले, तो तत्काल स्थानीय पुलिस या इंदौर पुलिस की क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर जानकारी दें। पुलिस का कहना है कि आपकी एक सूचना किसी की जान बचा सकती है।

## आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की समय-सीमा में परिवर्तन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में तथा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय में 11 जनवरी 2026 से परिवर्तन किया गया है जिसमें ट्रेनों का आरक्षण चार्ट कम से कम 10 घंटे पहले तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में आपातकालीन कोटा आवंटन की समय सीमा में परिवर्तन के साथा ही आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन लेने की समय सीमा में भी परिवर्तन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आपातकालीन कोटा हेतु आवेदन निम्नानुसार स्वीकार किए जाएंगे– जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय 05:01 बजे से 18:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व प्रातः 11:30 बजे तक संबंधित बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं।

जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय 18:01 बजे से 23:59 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन एक दिन पूर्व अपराह्न 13:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं।

जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय अगले दिन 00:01 बजे से 05:00 बजे के मध्य है, उनके लिए आपातकालीन कोटा के आवेदन दो दिन पूर्व अपराह्न 16:00 बजे तक बॉक्स में जमा किए जा सकते हैं।

निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आपातकालीन कोटा के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नई व्यएवस्थाा के अनुसार निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखते हुए अपने आवेदन प्रस्तुत करें, जिससे आवेदनों का नियमानुसार समय पर निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

## जनसुनवाई का प्रभावी आयोजन, नागरिकों को मिला त्वरित समाधान

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रति सप्ताह आयोजित की जा रही जनसुनवाई के सकारात्मक परिणाम निरंतर सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएँ रखीं। जनसुनवाई के दौरान कई ऐसे प्रसंग सामने आए, जहाँ समस्याओं के समाधान पर नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ की गई इस व्यवस्था की सराहना की तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में एक बुजुर्ग दंपत्ति श्रीमती चंदनबाला एवं श्री पारस जैन ने कलेक्टर शिवम वर्मा का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि पिछली जनसुनवाई में उन्होंने अपने किराएदार द्वारा दुकान खाली न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने दुकान को कब्जा मुक्त कर उन्हें सौंप दिया। इसी प्रकार देपालपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेमालपुर की सहवादा ग्राम के ग्रामीणों ने भी जनसुनवाई की सार्थकता सिद्ध होने पर कलेक्टर का अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुरानी सड़क की मांग अब पूरी हो गई है।

### इंदौर मेट्रो के संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्यों को पूर्ण करने हेतु 15 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक मेगा ब्लॉक की घोषणा

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर मेट्रो रेल के संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन स्क्वायर) तक, कुल 16 स्टेशन, के शीघ्र संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षण, कमीशनिंग एवं सिस्टम इंटीग्रेशन से संबंधित कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। सिग्नलिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन (एस ×टी) प्रणालियों के एकीकृत परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य वर्तमान में अपने अंतिम चरण में है। इसी क्रम में मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन (रेडिसन स्क्वायर) तक सम्पूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (सभी 16 स्टेशन) पर ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। आगामी चरण में वर्तमान में संचालित खंड को नॉन, कमीशंड सेक्शन के साथ एकीकृत करने हेतु संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर आवश्यक व्यापक परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य किया जाना है। इन कार्यों को सुचारु, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए शेष परीक्षण एवं कमीशनिंग गतिविधियों को पूर्ण करने हेतु 15 जनवरी 2026 से 25 जनवरी 2026 तक संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-03 तक) पर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने राजस्व सेवाओं को निलंबित (मेगा ब्लॉक) करने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिग्नलिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन (एस ×टी) से संबंधित सभी कार्यों का समय पर पूर्ण किया जाना है एवं आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करने के बाद, प्राथमिकता कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र में जनता को मेट्रो सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, परीक्षण, कमीशनिंग एवं सिग्नलिंग कार्यों को निर्बाध रूप से पूर्ण करने हेतु उक्त अवधि में मेगा ब्लॉक की अनुमति प्रस्तावित की गई है। यह कदम संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर तकनीकी कार्यों की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों के लिए इंदौर मेट्रो सेवाओं को शीघ्र प्रारंभ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर इंदौर ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत आज दिनांक 13 जनवरी 2026 को पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने स्वयं प्रत्येक आवेदक की शिकायत और व्यथा को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए।

आज की जनसुनवाई में कुल 70 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन, फाइनेंशियल फ्रॉड, सुनवाई न होने की शिकायतें, प्लाट एवं जमीन से जुड़ी धोखाधड़ी, महिला अपराधों से संबंधित मामले एवं अन्य पुलिस संबंधी समस्याएं शामिल रहीं। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनसुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि कई मामलों में पुलिस द्वारा मध्यस्थता केंद्रों एवं अन्य वैकल्पिक माध्यमों के जरिए आपसी सहमति से समाधान के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, ताकि विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा हो सके। पुलिस कमिश्नर ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि इंदौर पुलिस उनकी सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर अति पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) इंदौर श्री आर. के. सिंह सहित सभी जोनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस कमिश्नर के निर्देशानुसार संबंधित आवेदकों की समस्याओं को विस्तार से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

## शहर में कुत्तों का खौफ, एक साल में 48 हजार लोगों को शिकार बनाया

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है और स्थिति यह है कि हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। रविवार को चार से अधिक क्षेत्रों में पागल कुत्ते के काटने से कई लोग गंभीर घायल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर से इंदौर में बढ़ रही कुत्तों की संख्या, प्रशासन द्वारा की जा रही नसबंदी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2025 के आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि शहर में आवारा जानवरों के काटने की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। लाल अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पिछले बारह महीनों के दौरान इंदौर में आवारा कुत्तों ने कुल 48 हजार 972 लोगों को अपना शिकार बनाया। इन घायलों में बड़ी संख्या में ऐसे पीड़ित भी शामिल थे जिन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन के साथ-साथ गहरे जख्मों के कारण टांके भी लगवाने पड़े। यह संख्या केवल हुकुमचंद पॉली क्लिनिक की है, जबकि यदि जिले के अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों के आंकड़े मिलाए जाएं तो यह संख्या 55 हजार के पार पहुंचने की संभावना है।

# ट्रैफिक प्रहरी अभियान में सराहनीय योगदान देने वाले नागरिकों को पुलिस कमिश्नर इंदौर ने किया सम्मानित



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा संचालित ट्रैफिक प्रहरी अभियान के तहत सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13 जनवरी 2026 को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चार ट्रैफिक प्रहरियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने चंदन नगर चौराहा क्षेत्र से कैलाश चौहान एवं अभिषेक ठाकुर, राजवाड़ा क्षेत्र से मुस्कान चौधरी तथा महूनाका चौराहा क्षेत्र से नेहा जायसवाल को बेहतर यातायात व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाने पर शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने इन नागरिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूक और जिम्मेदार नागरिक शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में पुलिस के मजबूत सहयोगी बन रहे हैं।

इस अवसर पर ट्रैफिक प्रहरी अभियान से नव-जुड़े नागरिकों को भी प्रोत्साहित किया गया। उन्हें कैप, जैकेट, सिटी, लाइट बेटन, बैज एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया, ताकि वे और अधिक उत्साह के साथ समाजहित में यातायात व्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दे सकें। पुलिस कमिश्नर ने नए ट्रैफिक प्रहरियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सेवाभाव की सराहना की। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि इस अभियान के माध्यम से अब तक 2705 जिम्मेदार नागरिक इंदौर पुलिस के साथ जुड़ चुके हैं और अपनी सुविधा के अनुसार शहर के विभिन्न चौराहों पर यातायात प्रबंधन में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के पालन और प्रबंधन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि शहर में सुरक्षित और सुचारू यातायात व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# नीमच जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर वसूली का आरोप, कांग्रेस ने प्रशासन को चेताया



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिला चिकित्सालय फिर से विवादों के केंद्र में है। शासकीय अस्पताल होने के बावजूद मरीजों से हजारों रुपये वसूले जाने के आरोप कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने लगाए हैं। उनका कहना है कि अस्पताल में सरकारी नियमों के तहत निशुल्क इलाज और दवाइयों की व्यवस्था की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।

बाहेती ने बताया कि पहले मेटरनिटी वार्ड में चिकित्सकों पर अवैध वसूली के आरोप लगे थे और अब ऑर्थोपेडिक वार्ड में हड्डी टूटने के इलाज, उपकरण और दवाइयों के नाम पर पैसे वसूलने की शिकायतें सामने आई हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस लंबे समय से नीमच जिला अस्पताल की खामियों और अव्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठा रही है। आए दिन मरीजों को पैसे देने पर मजबूर किया जाता है, समय पर इलाज नहीं मिलता और उन्हें बाहर से दवाइयां व उपकरण खरीदने पड़ते हैं। प्रशासन को कई बार शिकायतों से अवगत कराया गया, लेकिन हालात बद से बदतर हो गए हैं।÷

बाहेती ने ताजा मामला साझा करते हुए कहा कि रामपुर से आए एक बुजुर्ग मरीज से हड्डी डालने के नाम पर 8000 रुपये वसूले गए, वहीं नीमच निवासी घायल हिम्मत सिंह से 6000 रुपये लिए गए। इसके अलावा मरीजों से प्रतिदिन बोतल की चढ़ाई के 500 रुपये प्रति बोतल वसूली जा रही है।

पीड़ित हिम्मत सिंह ने बताया, एक माह पहले बाइक एक्सीडेंट हुआ। अब पांव में लोहे का उपकरण डाला गया, जिसके लिए 6000 रुपये लिए गए। ऑपरेशन के बाद और भी पैसे मांगे जाने की बात कही जा रही है। रामपुर निवासी सोनू हुसैन ने भी आरोप लगाया कि उनके पिता की हड्डी टूटने पर 8000 रुपये लिए गए।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने द वॉचमैन पोस्ट के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि यह जांच की जाए कि शासकीय जिला अस्पताल में मरीजों से किस नियम के तहत और क्यों पैसे लिए जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई और व्यवस्था सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस आंदोलन को मजबूर होगी।

## सेन युवक /युवती परिचय सम्मेलन को लेकर नीमच जिला सेन समाज की टीम मंदसौर जिले में समाज जनो से जनसंपर्क



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला सेन समाज संगठन नीमच के तत्वाधान में जिला युवा सेन समाज संगठन नीमच द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर युवक / युवती परिचय सम्मेलन 8 फरवरी रविवार को टाउन हॉल नीमच मे आयोजित होने जा रहा है ।जिसको लेकर नीमच जिला सेन समाज संगठन की टीम आसपास जिलो मैं समाज जनों से युवक / युवती परिचय सम्मेलन में पंजीयन हेतु संपर्क कर रहे हैं ।जिसके तहत आज जिला सेन समाज संगठन के पदाधिकारी जिला सेन समाज अध्यक्ष सुखलाल सेन (तारापुर),जिला युवा अध्यक्ष चमन सेन (नीमच),जिला संरक्षक श्याम टाकवाल,जिला युवा संरक्षक कालूराम देवड़ा,वरिष्ठ समाजसेवी शांतिलाल (कनावटी),परिचय सम्मेलन अध्यक्ष विनोद गहलोत मंदसौर जिले का दौरा किया ।जहां जिला सैन एवं समाज जनों से जितेंद्र सैन एवं समाजजनों से संपर्क कर नीमच युवक / युवती परिचय सम्मेलन में पधारने हेतु निमंत्रण पत्रिका दी एवं सम्मेलन में पधारने का आग्रह किया साथ ही समाज जनों द्वारा पिपलिया मंडी पहुंच कर सेन पत्रिका संपादक समाजसेवी भगवती प्रसाद गहलोत,सुरेश सोलंकी, गहलोत,अमित राठौर ,दीपक सोलंकी,सहित समाज जनों से मिलकर परिचय सम्मेलन में पधारने एवं युवक / युवती परिचय सम्मैलन मे वयस्क युवक / युवती का पंजीयन करने हेतु समाज जनों से आग्रह किया ।जिला सेन समाज एंव युवा सेन समाज के तत्वाधान में के तत्वाधान में मनासा, रामपुरा, जावद, जीरन, नीमच, तहसील सेन समाज,युवा सेन समाज के पदाधिकारीयों द्वारा गांव-गांव कर कर जाकर समाज जनों से संपर्क कर रहे हैं सम्मेलन को लेकर तैयारी व्यापक स्तर पर जारी है । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी समरथ सेन पालसोडा ने दी।

## विराट हिन्दू सम्मेलन के कार्यकर्ताओं ने नगर में चल रही शिव महापुराण कथा समापन पर भक्तों का किया पुष्प वर्षा से स्वागत



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में बिते दिनों से नंदिश्वर महादेव परिसर में शिव महापुराण की कथा चल रही थी जिसकी पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ।कथा समापन के पश्चात पौथी को पुनः यथा स्थान पहुंचाने के लिए सांयकाल 4 बजे से शौभायात्रा नगर में निकली जिसका तहसील कार्यालय के सामने बने विराट हिन्दू सम्मेलन एंव महाशिवरात्रि आयोजन कार्यालय पर हिन्दू कार्यकर्ताओं ओर महिलाओं की टोली ने शौभायात्रा में शामिल भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया साथ ही सभी भक्तो को केसरिया दुध भी पिलाया ज्ञात रहे नगर में दिनांक 28 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हे जिसकी तैयारी में हिन्दू युवा पुरे जोश के साथ लगे हुए हैं और युवा ओर महिलाओं की टोली घर घर जाकर पिले चावल देते हुए सम्मेलन में सभी की उपस्थिति का आग्रह कर रही है। इसके अलावा नगर के अलग-अलग वार्डो में युवाओं द्वारा सुन्दर काण्ड का संगितमय पाठ ओर भजन कीर्तन किए जा रहे हैं।पुरे नगर में केसरिया ध्वज लगाएं जा रहे जिससे वातावरण हिन्दू मय बनता जा रहा है लोगों मे हिन्दू सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हिन्दू सम्मेलन को लेकर दिनांक 14 जनवरी को विशाल प्रभातफेरी दिनांक 15 जनवरी को छप्पन भोग 22 जनवरी को विशाल वाहन रैली दिनांक 23 जनवरी को विशाल धर्म ध्वजा रेली के आयोजनो से नगर में ओर सक्रियता आयेगी।

## सभी बैंकर्स जनकल्याणकारी योजनाओं के शत प्रतिशत लक्ष्य एक माह में पूर्ण करें : कलेक्टर अदिति गर्ग

### नगरीय निकाय पीएम स्वनिधि योजना में अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाएं




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, लीड बैंक मैनेजर संजय मोदी, बैंकर्स जिलाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बैंकों को दिए गए समस्त लक्ष्यों की पूर्ति एक माह की समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकाय पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए गए कि पीएम स्वनिधि योजना की बैंक-वार समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करें। भैंसोदा नगर परिषद को पीएम स्वनिधि योजना के लिए विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर गर्ग द्वारा सहकारी बैंक के कैलेंडर का विमोचन किया गया। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभाग प्रमुख ऐसे बैंकों के नाम प्रस्तावित करें जिन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में सराहनीय कार्य किया है।

## कार से 16 पेटी बियर एवं 6 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, एक गिरफ्तार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय एवं उनकी टीम ने अवैध शराब की धरपकड़ की है। मुखबिरी पर एक कार को रोका, जिसकी तलाशी में 16 पेटी बियर एवं 6 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। भरी ठंड में बियर के जखीरे के साथ मौके से ड्राइवर को पकड़ने का खुलासा किया गया है। वेन्यू कार से मिली मदिरा 322 बल्क लीटर नापी गई है।

थाना पुलिस के अनुसार टीम ने 12 जनवरी को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए कुंडला से बघुनियां तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। यहां सफेद रंग की वेन्यु कार क्रमांक एमपी 13 जेडके 6809 के चालक कमल सिंह पिता रामसिंह सौंधीया 22 साल निवासी ग्राम सेमली रुपा थाना गरोठ को कार सहित पकडा। तलाशी लेने पर कार में अवैध शराब मिली। मौके पर कमल सिंह को हिरासत में लिया गया। कार से अंग्रेजी शराब तथा बीयर की कुल 22 पेटी जब्त की गई। इसकी कीमत 107856 रुपये की होना आंकी गई है। आरोपी कमल सिंह से पूछताछ करते उक्त शराब संग्राम सिंह पिता सौदानसिंह सौंधीया निवासी छायन के द्वारा देना बताया। कार भी संग्रामसिंह के नाम पर दर्ज होना पाई गई, जिस पर आरोपी कमल सिंह एवं संग्राम सिंह निवासी छायन के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। शराब में पावर 1000 बीयर की 16 पेटीयां, बाम्बे स्पेशल व्हिस्की की तीन पेटीयां, ओल्ड मांक रम की एक पेटी, मेकडावेल्स नं.01 सेलीब्रेशन रम की दो पेटी है।

## ग्राम पंचायत बराड़ा में की गई पेयजल पाईप लाईन की तत्काल मरम्मत



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में नागरिकों एवं ग्रामीणों की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों और ग्राम पंचायत स्तर पर मंगलवार को जनसुनवाई के साथ ही जल सुनवाई में ग्राम पंचायत बराड़ा के ग्रामीणों द्वारा पेयजल पाईप लाईन फूटने और पानी के लिकेज की समस्याओं के संज्ञान में लाने पर कलेक्टर श्री चंद्रा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बराड़ा द्वारा तत्काल पेयजल पाईप लाईन को दुरस्त करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है और पेयजल पाईप लाईन से लीकेज को बंद करवाया गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में ग्रामीणों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को प्रातः11 बजे से दोपहर एक बजे तक पटवारी, पंचायत, सचिव एवं रोजगार सहायकों ने ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर जनसुनवाई की और ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। साथ ही तहसीलदार एवं नगरीय निकाय स्तर पर भी जनसुनवाई की गई।

## नई आबादी पुलिस ने 100 ग्राम एमडी ड्रग एवं 5 किलो डोडाचूरा पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौड़ एवं पुलिस टीम ने 100 ग्राम एमडी ड्रग एवं 5 किलो डोडाचूरा पकड़ा है। मौके से एक आरोपी गिरफ्तार करना उजागर किया गया है। प्रदेश में सिथेटिक ड्रग एमडी, एमडीएमए आदि के विक्रय की गंभीर शिकायतों पर संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा के द्वारा समय - समय पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था, जिसके तहत एएसपी तेरसिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्रसिंह भास्कर के निर्देशन में थाना प्रभारी नईआबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ के कुशल नेतृत्व में लगातार कार्यवाही करते हुये नशा परिवहन करने वाले तस्कर को पकडने में मिली सफलता मिली है। प्रकरण अनुसार मुखबीरी हुई कि एक व्यक्ति झोले में एम.डी. पावडर व डोडाचूरा, लेकर खड़ा है। नई आबादी पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। घेराबंदी कर आरोपी वसीम पिता आमीन जंगु जाति मुल्तानी उम्र 24 साल निवासी ग्राम मुल्तानपुरा थाना यशोधर्मन नगर मंदसौर को पकडा, जिसके से कब्जे से कुल अवैध मादक पदार्थ 100 ग्राम एमडी पाउडर व 5 किलो डोडाचूरा मिला। मामले में फरार आरोपी फैजान निवासी नयापुरा मंदसौर है, जिसकी तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में उनि कुलदीपसिंह राठौर थाना प्रभारी नई आबादी, उनि महेन्द्रसिह यादव व थाना नई आबादी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## अद्भुत, ऐतिहासिक, अकल्पनीय फीडे चेस टूर्नामेंट आयोजित कर नीमच का नाम स्वर्ण अक्षरों में नाम दर्ज करवाया अरुल अशोक अरोरा ने, नीमच के बच्चे बोले थैंक्यू अंकल




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच के अरुल अशोक अरोरा ने अद्भुत, ऐतिहासिक, अकल्पनीय स्न्द्धष्ठश्च चेस टूर्नामेंट नीमच में आयोजित करा कर नीमच का नाम स्वर्ण अक्षरों में नाम दर्ज करवाया दिया है।

नीमच जो फुटबॉल खेल के लिए देश भर में विख्यात है, लेकिन अब हर खेल में बच्चे नीमच का नाम रोशन कर रहे है। स्विमिंग, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, जिम्नास्टिक, जूडो जैसे खेलों में नीमच के बच्चों ने देश भर में अपना लोहा मनवाया है। वहीं नीमच की धरा पर इनडोर गेम्स में विशेष स्थान रखने वाले और सबसे ज्यादा दिमाग का उपयोग होने वाले शतरंज खेल में भी नीमच के बच्चे पीछे नही है। दिमागी कसरत वाले इस खेल की भी एक से बढ़ कर एक प्रतिभाएं निकल कर सामने आई सिर्फ सामने आयी ही नही बल्कि बड़े बड़े अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती भी देती हुई दिखी। और यह सब संभव हो सका अरुल अशोक अरोरा के प्रयासों से।

8 व 9 जनवरी को नीमच के लायन डेन में नीमच के प्रख्यात समाजसेवी अरुल अरोरा ने अपने दादाजी स्व. श्री कश्मीरीलाल जी अरोरा की पुण्य स्मृति में एक अकल्पनीय, भव्य व ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ओपन चैस टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया। यह आयोजन इस लिए भी खास था क्योंकि शतरंज जैसे खेल का नीमच में प्रथम बार इस अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूर्नामेंट हुआ। इस टूर्नामेंट में जहां देश के कौन कौन से आये शतरंज के चैंपियनों ने भाग लिया वहीं नीमच की छुपी हुई लगभग 200 से ज्यादा 5 वर्ष से लेकर वयोवृद्धों ने इसमें भाग लेकर अपनी पहचान FIDE और AICF में दर्ज करवाई।

पहली बार नीमच ने देखा कि शतरंज के इतने सारे खिलाड़ी एक साथ पूरे अंतरराष्ट्रीय मानकों व नियमों के साथ खेले। 150 चैस बोर्ड पर वह भी टाइमर के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑर्बिटर के निगरानी में एक साथ 300 खिलाड़ी बैठे और दो दिन में 9 राउंड खेले।

नीमच ही नही देश भर से आए खिलाड़ियों ने नीमच में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर समाजसेवी अशोक अरोरा (गंगानगर) की जमकर प्रसंशा की। प्रतियोगिता के दौरान वहां की ए क्लास व्यवस्थाओं को लेकर जहां बच्चों के अभिभावक खुश दिखे तो वहीं बच्चें आयोजक अशोक जी अरोरा को थैंक्यू अंकल कहते दिखे। बच्चों का कहना था ऐसा टूर्नामेंट नीमच में होगा यह तो हमने सपने में भी नही सोचा था।

## कलेक्टरों द्वारा- मौसम देखकर स्कूल छुट्टी या समय परिवर्तन करना अनुचित! "प्रतिकूल परिस्थितियों में ही अनुशासन की परीक्षा होती हैं"-रमेशचन्द्र चन्द्रे



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षाविद रमेशचन्द्र चन्द्रे ने अपने तय वक्तव्य में कहा है कि संपूर्ण भारत में हर क्षेत्र के मौसम अलग-अलग होते हैं तथा कहीं ठंड कम तो कहीं ठंड ज्यादा, कहीं गर्मी ज्यादा होती है कहीं गर्मी कम तथा बरसात भी इसी प्रकार होती है। किंतु आजकल देखने को यह मिल रहा है कि जरा-सी ठंड बढी तो कुछ आराम प्रिय पेरेंट्स और अधिकारी बच्चों की छुट्टी करने या स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग करने लग जाते हैं, और जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर उनके दबाव या प्रभाव में आ जाते हैं तथा स्कूल की छुट्टी या उसके समय में परिवर्तन कर देते हैं।

उक्त स्थिति बिल्कुल भी उचित नहीं है, क्योंकि "विद्यार्थी जीवन" यह कठोर परीक्षा का जीवन होता है। इसी में बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है, इसी में विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक रूप से अपने आप को स्ट्रांग और दृढ़ निश्चायी बनाया जा सकता है किंतु विद्यार्थी जीवन में ही मौसम की प्रतिकूलता को झेलने की शक्ति अगर हम समाप्त कर देंगे तो आगे चलकर हम कैसे अच्छे क्षमतावान नागरिकों का निर्माण कर सकते हैं?

शिक्षाविद रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से बच्चों को अत्यंत नाजुक बनाने का प्रयास किया तो जवानी में भी वह वैसे ही हो जाते हैं और उस समय जरा से संघर्ष से टूट जाते हैं। ऐसे लोग जब बरसात के दिनों में समाज और गांव में विपत्ति आती है तो पानी से घबरा करके अपने घर से बाहर तक नहीं निकलते, थोड़ी सी ठंड अधिक हो जाती है तो वह घर में छुपे बैठे होते हैं, भर गर्मी में वह एसी या कूलर में अपना जीवन बिताते हैं किंतु उक्त मौसमों में भी अनेक लोग अपने काम और व्यवसाय में लगे रहते हैं और मौसम की मार को झेलते हुए अपना काम पूरा करते हैं। इसलिए विद्यार्थी बड़े होने के बाद चाहे अधिकारी बनें या कर्मचारी, व्यापारी बनें या नेता बनें या समाज सेवक बनें किंतु यदि विपरीत परिस्थितियों से उसमें लड़ने की क्षमताएं नहीं रही तो उसका जीवन क्या काम का? इसलिए विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों के प्रति अत्यधिक दया दिखाकर उन्हें कोई भी माता-पिता और अधिकारियों को कमजोर बनाने का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

शिक्षाविद रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि अक्सर यह भी देखने को मिलता है की अति ठंड में भी विद्यार्थी बच्चे स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी घरों में में छुपे नहीं रहते, वह सड़कों पर खेलते पाए जाते हैं क्योंकि भगवान ने उन्हें शारीरिक क्षमता ही इस प्रकार की प्रदान है कि वह किसी भी मौसम से लड़ सकते हैं। इसलिए समस्त कलेक्टरों, मंत्रियों तथा सरकार के बड़े-बड़े कर्ताधर्ताओं से एवं समस्त माता-पिता से आग्रह है कि बच्चों को कमजोर मत बनाईये। अन्यथा यही बच्चे जवानी में परिवार के किसी काम नहीं आएंगे और ना हीं व्यवसाय या व्यापार या समाज एवं देश के काम आएंगे। निष्क्रिय अकर्मण्य, अक्षम अर्थात क्षमता विहीन , शक्ति विहीन हो जाएंगे तथा यह पीढ़ी किसी काम की नहीं रहेगी तथा इससे समाज और राष्ट के काम प्रभावित होंगे। इस बात को मानकर कभी भी मौसम के अप-डाउन में स्कूलों की छुट्टी नहीं करना चाहिए और माता-पिता को भी चाहिए की विपरीत परिस्थिति में भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने का प्रयास करें, चाहे उनका बच्चा कितना भी छोटा क्यों ना हो। क्योंकि विद्यार्थी जीवन में अपने बच्चों पर दया करना ही दुख का कारण बन सकता है।

## अफ़जलपुर पुलिस की कार्रवाई : बोलेरो पिकअप में 68 पेटी बियर मिली, एक गिरफ्तार




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अफ़जलपुर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह कनेश एवं उनकी टीम ने अवैध शराब की धरपकड़ की है। मुखबिरी पर एक बोलेरो पिकअप को रोका, जिसकी तलाशी में 68 पेटी बियर शराब मिली। भरी ठंड में बियर के जखीरे के साथ मौके से ड्राइवर को पकड़ने का खुलासा किया गया है। बोलेरो पिकअप से मिली मदिरा 322 बल्क लीटर नापी गई है। थाना पुलिस के अनुसार टीम ने 12 जनवरी को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर संभावित रास्ते पर नाकाबंदी कर वाहन को रोककर चेक करते वाहन चालक पुलिस चेकिंग देखकर उतर कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसको हिकमत अमली से पकडा गया। पिकअप को चेक करते उसमें कुल 08 पेटी पावर स्ट्रोंग बीयर बोटल सेम कंपनी तथा 60 पेटी पावर स्टांग बीयर 10000 केन सोम कंपनी की पायी गयी। जिसका परमिट व लायसेंस के संबंध में आरोपी समरथ माता श्यामकली बाछडा निवासी निरधारी थाना नाहरगढ जिला मंदसौर से पूछताछ करते नही होना बताया। आरोपी समरथ से शराब तस्करी में जुड़े अन्य आरोपी की पतारसी की कर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

## जनसुनवाई : सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में टंकी सफाई, बिजली बिल भुगतान, कचरा गाड़ी चालू करवाने की मांग

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के साथ जल सुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभागार में किया गया। इसके साथ ही जिले की नगर पालिकाओं, नगर परिषदों, वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में भी जल सुनवाई आयोजित की गई।

सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिव एवं पटवारी जल सुनवाई में उपस्थित रहे तथा ऑनलाइन वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन किया एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीण स्तर की समस्याओं के निराकरण हेतु उन्होंने ऑनलाइन वीसी के माध्यम से पटवारियों से चर्चा कर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जल सुनवाई के अंतर्गत ग्राम जग्गाखेड़ी के निवासियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें ग्राम जग्गाखेड़ी संजीत रोड स्थित सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में पानी की टंकी की सफाई, बिजली के बिलों के भुगतान, साफ-सफाई एवं कचरा गाड़ी चालू करवाने की मांग की गई। इस पर जिला पंचायत को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। ग्राम हिंगोरिया छोटा निवासी माननाथ भाटी द्वारा ट्यूबवेल उत?खनन प्रदाय करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भालोट निवासी बगदीबाई द्वारा खाद-बीज की बकाया राशि को किश्तों में करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला सहकारी सोसायटी अधिकारी मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नावनखेड़ी निवासी दयाराम द्वारा राहत राशि दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिला संयोजक अधिकारी मंदसौर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। नापाखेड़ा निवासी सुरजमल द्वारा खाता सक्रिय करने संबंधी आवेदन दिया गया, जिस पर एलडीएम को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## सम्पादकीय

# संस्कार विहीन आधुनिकता समाज के लिए घातक

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद्व में फंसा हुआ है।

एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद्व बना हुआ है कि वह किस को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख रही हैं वहीं देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है।

सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज़्ज़ा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ है।

भारतीय समाज अंत्येष्टि रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनवरत को अपनाता है दूसरी तरफ नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है।

इन्हीं सब कारकों के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण में द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक अधिकारों को समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बढ़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए भारतीय समाज बाह्य वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है।

# आध्यात्मिक नवीनीकरण का समय है मकर संक्रांति



भारत में वर्ष के इस समय सूर्य की गति में परिवर्तन का स्वागत करने के लिए मकर संक्रांति नामक त्योहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति, जैसा कि श्री माताजी ने बताया है, आध्यात्मिक यात्रा में एक शक्तिशाली बदलाव का प्रतीक है, जो परिवर्तन और विकास को दर्शाता है।

आंतरिक प्रकाश को जगाने का पर्व उत्तरी गोलार्ध में मकर संक्रांति सूर्य के उत्तर की ओर संक्रमण का प्रतीक है। यह बदलाव हमारे आंतरिक प्रकाश के जागरण का प्रतीक है। जबकि दक्षिणी गोलार्ध के लिए मौसमी संदर्भ बदलता है, नवीकरण और उत्थान का आध्यात्मिक सार समान रूप से महत्वपूर्ण रहता है।

मिथ्या धारणाओं के त्याग का पर्व- श्री माताजी ने इस बात पर जोर दिया कि यह नकारात्मक आदतों, लगाव और अहंकार को त्यागने और नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करने का समय है।

प्रेम, सौहार्द व मिठास के प्रसार का पर्व- तिल और गुड़ (तिल-गुल) से बनी मिठाइयाँ बाँटना एक आम परंपरा है। श्री माताजी ने बताया कि ये मिठाइयाँ मधुर वाणी और सौहार्दपूर्ण संबंधों का प्रतीक हैं। श्री माताजी के पावन शब्दों में, आज पवित्र क्रांति का दिन है। लेकिन आरोहण के माध्यम से, जब हम एक उच्च स्थिति प्राप्त करते हैं, तो यह तभी संभव है जब क्रांति हो और क्रांति सर्पिल रूप से हो ऊंचे स्थान पर पहुंचने के लिए आंदोलन को सर्पिल होना होगा। तो ये वो क्रांति है जो पवित्र क्रांति है. मैं हमारे भीतर की क्रांति के बारे में बात कर रही हूं। इस क्रांति में आपकी अपनी माँ, कुंडलिनी द्वारा आपकी बहुत मदद की जाती है, और आप बहुत मधुर तरीके से विकसित होते हैं; आत्मसाक्षात्कारी आत्माओं के रूप में नीचे उतरने के लिए एक सर्पिल आरोहण में।

मकर संक्रांति भीतर आत्मा की रोशनी का जश्न मनाने का समय दर्शाती है। संक्रांति के पावन पर्व पर यह प्रण लेना चाहिए कि श्री माताजी की कृपा से व हमारे प्रयास से अनेकानेक लोग आत्मिक उत्थान को प्राप्त हो सकें तथा हम स्वयं भी अपने आत्मिक उत्थान को विकसित कर सकें 7 अपने अंदर सूर्य की शक्तियों को जागृत कर सकें तथा परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनें। परमात्मा के कार्य का साधन होना अत्यंत गौरव की बात है और इस गौरव का आनंद आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् ही प्राप्त किया जा सकता है।

# 'भजन-राज' यानी 'भरोसे के शासन' में राजस्थान के नये आयाम

राजस्थान की राजनीति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हालिया दौरा किसी औपचारिक कार्यक्रम या शिष्टाचार भर तक सीमित नहीं था, वह एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत, एक भरोसे की सार्वजनिक मुहर और एक स्थायित्व का उद्घोष था। जाते-जाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पीठ थपथपाकर अमित शाह ने यह जता दिया कि प्रदेश की कमान अब पूरी तरह ऐसे नेतृत्व के हाथों में है, जिस पर केंद्रीय आलाकमान को केवल विश्वास ही नहीं, बल्कि गहरा संतोष भी है। जिसे कभी राजनीतिक गलियारों में 'सरप्राइज पैकेज' कहकर देखा गया था, वही नेतृत्व आज राजस्थान की स्थिरता, सुशासन और भविष्य की ठोस नींव के रूप में स्थापित हो चुका है और राजस्थान की स्वर्णगाथा लिखने को तत्पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक विशिष्ट और लगातार सफल रहा प्रयोग यह रहा है कि वे सत्ता और संगठन में नए चेहरों को निर्णायक जिम्मेदारियां सौंपने से नहीं हिचकते। पर्दे के पीछे वर्षों तक ईमानदारी और निष्ठा से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को अचानक मुख्यमंत्री, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष या राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन करना मोदी की राजनीतिक शैली का साहसिक पक्ष रहा है। इन निर्णयों ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राजनीति में अनुभव के साथ-साथ चरित्र, प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। राजस्थान में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाना भी ऐसा ही एक निर्णय था, जिसने आरंभ में अनेक लोगों को आश्चर्य में डाला। किंतु समय ने सिद्ध कर दिया कि यह निर्णय भावनात्मक नहीं, बल्कि गहरी राजनीतिक समझ और दूरदृष्टि पर आधारित था।

मुख्यमंत्री पद संभालते ही भजनलाल शर्मा ने यह साफ कर दिया कि वे सत्ता को साधन मानते हैं, साध्य नहीं। उनका एजेंडा कुर्सी बचाने का नहीं, बल्कि व्यवस्था बदलने का है। राजस्थान लंबे समय तक गुटीय राजनीति, शक्ति-संतुलन और पर्दे के पीछे चलने वाले समीकरणों से जूझता रहा है। सत्ता के भीतर ही सत्ता को चुनौती देने वाली प्रवृत्तियां यहां सामान्य रही हैं। भजनलाल शर्मा ने बिना किसी टकराव, बिना शोर-शराबे और बिना किसी को अपमानित किए, इन सभी प्रवृत्तियों को धीरे-धीरे अप्रासंगिक कर दिया। उन्होंने शासन को व्यक्ति-केंद्रित नहीं, बल्कि प्रणाली-केंद्रित बनाया। यही कारण है कि आज निर्णय तेजी से होते हैं, उन पर अमल भी होता है और उनकी जवाबदेही भी तय होती है। उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है, जो केवल कागजों या भाषणों तक सीमित नहीं रही। विशेष रूप से पेपर लीक माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई ने सरकार की मंशा और मुख्यमंत्री के साहस को स्पष्ट रूप से उजागर किया। वर्षों से यह माफिया लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता रहा, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उस पर हाथ डालने का साहस कोई नहीं कर पाया। भजनलाल शर्मा ने सत्ता संभालते ही इस समस्या को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। एसआईटी के गठन, त्वरित जांच, बड़े नामों की गिरफ्तारी और बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया कि यह सरकार केवल घोषणाओं में नहीं, परिणामों में विश्वास रखती है। इससे न केवल युवाओं का भरोसा लौटा, बल्कि यह संदेश भी गया कि अब राजस्थान में कानून से बड़ा कोई नहीं है।

इसी प्रकार, दशकों से प्यास से जूझ रहे राजस्थान के लिए ईआरसीपी परियोजना पर मध्य प्रदेश के साथ हुआ ऐतिहासिक समझौता मुख्यमंत्री की राजनीतिक परिपक्वता और संवाद क्षमता का प्रमाण है। जिस योजना को वर्षों तक केवल चुनावी वादों और फाइलों में उलझाकर रखा गया था, उसे उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग और पड़ोसी राज्य के साथ सकारात्मक संवाद के जरिए वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय बताता है कि भजनलाल शर्मा टकराव की राजनीति के बजाय समाधान की राजनीति में विश्वास रखते हैं। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी उनकी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं है। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन, संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपराधियों में कानून का भय-ये सभी कदम इस बात के प्रमाण हैं कि राज्य में सत्ता का इकबाल लौट रहा है। आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और अपराधी खुद को असुरक्षित। यह सुशासन का सबसे ठोस संकेत होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'विकसित भारत' की संकल्पना को राजस्थान में जमीन पर उतारने में भी मुख्यमंत्री की सक्रियता स्पष्ट दिखाई देती है। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचें, यह केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता बनी है। फैसलों में स्पष्टता, गति और निष्पक्षता-इन तीनों का संतुलन उनकी कार्यशैली को विशिष्ट बनाता है। यही कारण है कि विपक्ष भी आज ठोस आलोचना के बिंदु खोजने में असहज नजर आता है। भजनलाल शर्मा के शासन की चर्चा करते समय उनके चारित्रिक और व्यक्तिगत गुणों का उल्लेख अत्यंत आवश्यक है। राजनीति में जहां दिखावा, आडंबर और अहंकार आम बात हो चली है, वहीं भजनलाल शर्मा अपनी सरलता, सहजता और सादगीपूर्ण जीवनशैली के लिए पहचाने जाते हैं। सत्ता में आने के बाद भी उनके व्यवहार, भाषा और जीवन-शैली में कोई कृत्रिम बदलाव नहीं आया। वे निर्णय लेते समय दृढ़ होते हैं, लेकिन संवाद में विनम्र रहते हैं। उनका राजनीतिक कौशल शोर में नहीं, बल्कि परिणामों में दिखाई देता है। वे जानते हैं कि कब कठोर होना है और कब संयम रखना है। यही संतुलन उन्हें भीड़ से अलग करता है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान और जनता के प्रति उत्तरदायित्व-ये सभी गुण उनके नेतृत्व को नैतिक आधार प्रदान करते हैं।

राजस्थान के अब तक के मुख्यमंत्रियों का शासन बहुआयामी अनुभवों से भरा रहा है, जिसमें प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक न्याय, विकासात्मक प्राथमिकताओं और राजनीतिक स्थिरता-इन सभी के विविध रूप देखने को मिलते हैं। हीरालाल शास्त्री और जय नारायण व्यास जैसे प्रारंभिक मुख्यमंत्रियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रशासनिक ढांचे की नींव रखी। मोहनलाल सुखाड़िया का दीर्घकालीन शासन सिंचाई, पंचायतीराज और सामाजिक सुधारों के लिए स्मरणीय रहा, जिसे 'आधुनिक राजस्थान' की आधारशिला माना जाता है। बाद के वर्षों में हरिदेव जोशी, शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत ने कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा-स्वास्थ्य और विकेंद्रीकरण पर बल दिया, जबकि भैरोंसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे के शासन में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सड़क-बिजली और प्रशासनिक सख्ती पर अधिक जोर दिखा। इन सबके तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाकृत नया होते हुए भी सुशासन, अनुशासन और डिलीवरी के संकल्प के साथ आगे बढ़ता दिखाई देता है। उनका फोकस प्रशासनिक चुस्ती, कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, केंद्र-राज्य समन्वय और योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर है। पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों के शासन जहाँ दीर्घ अनुभव और स्थापित नीतिगत पहचान के लिए जाने जाते हैं, वहीं भजनलाल शर्मा का शासन अपेक्षाओं, परिणामोन्मुखी कार्यसंस्कृति और नई कार्यशैली के परीक्षण के दौर में है। इस प्रकार राजस्थान की राजनीति में उनका कार्यकाल परंपरा और परिवर्तन-दोनों के बीच एक सेतु की तरह देखा जा सकता है, जहाँ पूर्व शासनों की उपलब्धियों से सीख लेकर भविष्य के लिए अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी शासन मॉडल गढ़ने का प्रयास परिलक्षित होता है।

आज राजस्थान में 'भजन राज' का अर्थ केवल सत्ता का संचालन नहीं, बल्कि भरोसे का शासन है। ऐसा शासन, जहां कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस करता है और आम नागरिक खुद को सुरक्षित। केंद्रीय आलाकमान की खुली छूट और अमित शाह की पीठ थपथपाहट ने मुख्यमंत्री को और अधिक ऊर्जा के साथ काम करने का संबल दिया है। यह संकेत साफ है कि भजनलाल शर्मा अब केवल एक प्रयोग नहीं, बल्कि एक स्थापित, विश्वसनीय और सक्षम नेतृत्व के रूप में स्वीकार किए जा चुके हैं। जो लोग अब भी किसी बड़े बदलाव या सत्ता-समीकरण के इंतजार में हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि भजनलाल शर्मा का नेतृत्व कोई संयोग नहीं, बल्कि राजस्थान को एक स्थिर, सुशासित और स्वर्णिम भविष्य की ओर ले जाने वाला सुविचारित संकल्प है। वे केंद्रीय नेतृत्व की कसौटी पर 24 कैरेट खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके अब तक के कार्य इस प्रतिबद्धता की ठोस गवाही देते हैं।

**-ललित गर्ग**

## फेड की आजादी पर ट्रंप का दबाव, वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए बढ़ता खतरा

बड़े केंद्रीय बैंकों के प्रमुखों का बिना पूर्व नियोजित कार्यक्रम के सामने आना या बयान देना सामान्य बात नहीं है। यदि वे ऐसा करते हैं (भले ही कम समय के नोटिस पर) तो यह इस बात का स्पष्ट संकेत होता है कि हालात सामान्य नहीं हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल का मंगलवार का बयान दुनिया भर के वित्तीय बाजारों और नीति-निर्माताओं के लिए चिंताजनक है। पॉवेल ने कहा कि उनके द्वारा जून में सीनेट बैंकिंग समिति के समक्ष दिए गए बयान पर जांच की जा रही है, जो आंशिक रूप से फेडरल रिजर्व कार्यालय भवनों के नवीनीकरण से संबंधित था।

इसे अमेरिकी केंद्रीय बैंक पर एक और सीधा हमला माना जा रहा है। पॉवेल ने अपने बयान में कहा कि आपराधिक आरोपों का खतरा इसलिए मंडराया है क्योंकि फेडरल रिजर्व राष्ट्रपति की प्राथमिकताओं का पालन करने के बजाय, जनता की सेवा की दृष्टि से सर्वोत्तम आकलन के आधार पर अपनी ब्याज दरें तय करता है। ये उनके जैसे व्यक्ति के लिए अत्यंत कठोर शब्द हैं, लेकिन अंतर्निहित मुद्दे की सच्चाई को उजागर करते हैं।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। लेकिन यह बात किसी से छिपी नहीं है कि वह फेडरल रिजर्व पर नियंत्रण करना चाहते हैं। ट्रंप फेड और पॉवेल के खिलाफ कई बार बयानबाजी कर चुके हैं कि वह ब्याज दरों में अधिक कटौती की उनकी इच्छा का पालन नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने पॉवेल को हटाने की संभावना पर भी विचार किया था, लेकिन कानूनी अड़चनों के कारण इस दिशा में आगे नहीं बढ़ सके। इसके अलावा, उन्होंने एक अन्य फेड गवर्नर को हटाने की कोशिश की, लेकिन वह भी अपने पद पर बनी हुई हैं और मामला अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष है। ट्रंप ने अपनी आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष को फेड के गवर्नर्स बोर्ड में नामित भी किया है, जो असामान्य था और केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता पर सवाल उठाता है। स्पष्ट रूप से इसका उद्देश्य फेड के निर्णयों को प्रभावित करना था।

जब तक पॉवेल पद पर हैं, ट्रंप अधिक नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। बहरहाल, उनका कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है और इस सप्ताह जो हुआ वह नए चेयरपर्सन के लिए स्पष्ट संकेत है। इस बारे में कोई घोषणा नहीं की गई है लेकिन जाहिर है कोई ऐसा व्यक्ति चुना जाएगा जो ट्रंप की बात माने। केंद्रीय बैंक की प्रक्रियाएं शायद नए चेयरपर्सन को तत्काल वह न करने दें जो ट्रंप चाहते हैं लेकिन समय के साथ हालात बदलने लगेंगे।

**-धनंजय राजौरा**

# सूर्य आराधना, सांस्कृतिक एकता और नव संकल्प का महापर्व- मकर संक्रांति

सूर्य, संस्कृति और संकल्प का पर्व है मकर संक्रांति, जो हर वर्ष 14 जनवरी के दिन पूरे भारत में हर्षोल्लास और खुशी से मनाया जाता है। दरअसल, मकर संक्रांति सूर्य, पृथ्वी और ऋतुओं के बीच के संबंध को दर्शाने वाला पर्व है। वास्तव में यह पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देता है। पाठक जानते होंगे कि इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं।

इसे सूर्य के उत्तरायण होने की शुरुआत माना जाता है। यह पर्व चंद्रमा नहीं बल्कि सूर्य की गति पर आधारित है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि प्राचीन वैदिक काल में कृषि, ऋतु परिवर्तन और सूर्य की स्थिति के आधार पर ही पर्वों का निर्धारण किया जाता था और यही कारण है कि यह पर्व लगभग हर वर्ष एक ही तिथि को आता है। हालांकि, मकर संक्रांति कभी 13 जनवरी, कभी 14 तो कभी 15 जनवरी को भी पड़ती है।

चूंकि यह सौर चक्र पर आधारित है, इसलिए हर साल सूर्य के राशि परिवर्तन में लगभग 20 मिनट का अंतर आता है और यही कारण है कि हर 80 साल में संक्रांति की तारीख एक दिन आगे बढ़ जाती है। मुगल काल में यह अक्सर 10-11 जनवरी को मनाई जाती थी। हमारे पौराणिक ग्रंथों ऋग्वेद और यजुर्वेद में सूर्य की उपासना और उत्तरायण को शुभकाल बताया गया है। मकर संक्रांति से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। दरअसल,मकर संक्रांति से सूर्य दक्षिणासनय से उत्तरायण की ओर बढ़ता है। इसका वैज्ञानिक कारण है। सूर्य धीरे धीरे उत्तरी गोलार्ध की ओर झुकता है, जिससे दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं।ज्यादातर लोग मानते हैं कि इस दिन से उत्तरायण शुरू होता है, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से उत्तरायण 21 या 22 दिसंबर को ही शुरू हो जाता है। मकर संक्रांति वह दिन है जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। वास्तव में, यह पर्व आत्मिक जागरण तथा सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है।इस दिन गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी नदियों में स्नान-दान का विशेष महत्व तथा तिल, गुड़, खिचड़ी और दान का विशेष धार्मिक मूल्य माना गया है।देखा जाए तो एक प्रकार से यह दान-पुण्य का पर्व है। कहते हैं कि महाभारत के भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण होने का इंतज़ार किया और मकर संक्रांति के दिन ही देह त्यागी थी और यही कारण है कि इस दिन को मोक्षदायी माना जाता है। पौराणिक कथाओं में विवरण मिलता है कि भगवान सूर्य इस दिन अपने पुत्र शनि देव के घर (मकर राशि) जाते हैं। इसीलिए इस पर्व को पिता-पुत्र के संबंधों में मधुरता और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक माना जाता है।यह भी मान्यता है कि इसी दिन(मकर संक्रांति के दिन) ही माता गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं और इसलिए गंगा स्नान को अत्यंत पुण्यकारी माना गया है।

पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन, प्रयागराज का माघ मेला और कुंभ मेला, आधिकारिक तौर पर मकर संक्रांति के दिन शाही स्नान के साथ शुरू होता है। माना जाता है कि इस दिन स्वर्ग के द्वार खुलते हैं और पवित्र नदियों में स्नान करने से पिछले जन्मों के पाप धुल जाते हैं। वास्तव में, यह पर्व फसल कटाई से जुड़ा हुआ है और हलधर नई फसल के लिए इस दिन भगवान सूर्य का आभार प्रकट करते हैं।इसी पर्व से यानी कि मकर संक्रांति से ही शीत ऋतु का अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत होती है। तमिलनाडु में इसे(मकर संक्रांति) पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी, गुजरात में इसे उत्तरायण, आंध्र प्रदेश में इसे भोगी पर्व, असम में माघ बिहू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में इसे खिचड़ी पर्व के नाम से जाना जाता है। गौरतलब है कि %उत्तरायण% के एक आधिकारिक उत्सव के रूप में गुजरात सरकार द्वारा वर्ष 1989 से अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस पर्व की खास बात यह है कि यह भारत का एकमात्र पर्व है, जिसकी तिथि लगभग स्थिर रहती है। इतना ही नहीं, प्राचीन काल में तो इसे नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता था।इस पर्व पर तिल-गुड़ खाने के पीछे वैज्ञानिक कारण है। दरअसल ये हमारे शरीर में गर्मी बनाए रखते हैं और हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। वहीं पर इस दिन पतंग उड़ाने की परंपरा सूर्य की किरणों से विटामिन-डी प्राप्ति से जुड़ी है। कहते हैं कि त्रेतायुग में भगवान श्री राम ने मकर संक्रांति के दिन ही पतंग उड़ाई थी, इसलिए तब से यह परंपरा पूरे देश में प्रचलित हो गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने का वर्णन रामचरित मानस के बालकांड में मिलता है।

तुलसीदास जी ने इसका वर्णन करते हुए लिखा है कि राम इक दिन चंग उड़ाई, इंद्रलोक में पहुंची जाई। मान्यता है कि मकर संक्रांति पर जब भगवान राम ने पतंग उड़ाई थी, जो इंद्रलोक पहुंच गई थी। इतना ही नहीं,तमिल की तन्दनानरामायण में भी भगवान राम के पतंग उड़ाने का विवरण मिलता है।दरअसल,उस समय से लेकर आज तक पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है।

इतना ही नहीं, भगवान कृष्ण के पतंग उड़ाने की परंपरा का उल्लेख भी भारतीय लोककथाओं और भजनों में मिलता है। दक्षिण भारत में तो इस दिन पशु-पक्षियों और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। जैसा कि इस आलेख में ऊपर भी चर्चा कर चुका हूं कि मकर संक्रांति को दान का महासंयोग माना गया है।इस दिन किया गया दान कई गुना फल देता है। ज्योतिषियों का कहना है कि इस बार यानी कि इस वर्ष (वर्ष 2026 में) मकर संक्रांति के अगले दिन यानी 15 जनवरी को शुक्र-शनि मिलकर लाभ दृष्टि योग का निर्माण करने वाले हैं।

मकर संक्रांति पर यह संयोग करीब 100 वर्ष के बाद बन रहा है। मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सूर्य से जीवन, संस्कृति से संस्कार और परंपरा से प्रगति का उत्सव है। मकर संक्रांति अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का पर्व है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह हमें अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और शीत से उष्मा की ओर ले जाने वाला पर्व है। तिल-गुड़ की मिठास हमें कटुता त्यागकर सौहार्द अपनाने की सीख देती है।यह पर्व नए आरंभ, मेहनत के सम्मान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। मकर संक्रांति हमें याद दिलाती है कि जब दिशा सही हो, तो जीवन स्वयं उजास से भर जाता है।

**-सुनील कुमार महला**

# परंपरा की जड़ों से ऊर्जा लेकर भविष्य की ओर बढ़ता भारत

तूफानों से भागने वाले समय की धूल में खो जाते हैं, लेकिन जो तूफान को साध लेते हैं वही युग गढ़ते हैं। नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली इसी साहसिक दर्शन से जन्म लेती है, जहां ऊर्जा केवल गति नहीं, बल्कि दिशा बन जाती है। वैश्विक अस्थिरता, व्यापारिक दबाव और बदलती कूटनीति के बीच उनका नेतृत्व विचलित नहीं होता। वे हालात से संचालित नहीं, बल्कि हालात को गढ़ने वाले नेता हैं। हर चुनौती उनके लिए रुकावट नहीं, संभावना का द्वार है। यही कारण है कि उनका हर निर्णय तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सोच का विस्तार प्रतीत होता है, जिसमें भारत केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरता दिखाई देता है।

ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच, अहमदाबाद की धरती पर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ हुआ संवाद साधारण औपचारिकता नहीं, बल्कि भविष्य की साझेदारी का स्पष्ट संकेत था। वैश्विक शुल्क तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में भारत जर्मनी संबंधों को असीम क्षितिज देना मोदी की रणनीतिक दृष्टि को दर्शाता है। शिक्षा, रक्षा और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के प्रस्ताव यह बताते हैं कि भारत अब संबंधों को प्रतीकात्मक नहीं, संरचनात्मक आधार पर गढ़ रहा है। मोदी जानते हैं कि आने वाले समय में केवल मित्र नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार ही राष्ट्रों को स्थिरता और शक्ति प्रदान करेंगे।

सोमनाथ में नतमस्तक होकर आरंभ हुआ 2026 का गुजरात प्रवास मोदी की राजनीति का सार प्रस्तुत करता है। यह यात्रा बताती है कि विकास और विरासत परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं। आध्यात्मिक चेतना से जुड़कर आधुनिक भारत की रचना करना उनकी विशिष्ट शैली है। अहमदाबाद मेट्रो और अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव जैसे आयोजन यह दर्शाते हैं कि प्रतीक भी नीति बन सकते हैं। परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना मोदी की पहचान है। वे समझते हैं कि जड़ों से जुड़ा राष्ट्र ही वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा रह सकता है।

देश के भीतर भी मोदी की कार्यप्रणाली उतनी ही निर्णायक दिखाई देती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हथियार आधारित सोच से हटकर कल्याण और विकास केंद्रित नीति अपनाना एक ऐतिहासिक मोड़ है। जहां कभी भय और हिंसा का वर्चस्व था, वहां अब विद्यालय, अस्पताल और रोजगार की चर्चा हो रही है। यह बदलाव केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मानसिक परिवर्तन भी है, भरोसे की पुनर्स्थापना है। मोदी मानते हैं कि स्थायी शांति बल से नहीं, विश्वास से आती है। विकास को समाधान बनाकर असंतोष की जड़ों पर प्रहार करना उनकी रणनीति का केंद्र है, जो दीर्घकाल में राष्ट्र को आंतरिक रूप से सुदृढ़ बनाता है।

युवा शक्ति को विकसित भारत की धुरी मानना मोदी की सोच का आधार है। वे जेन जेड की रचनात्मकता और नवाचार को केवल सराहते नहीं, बल्कि अवसर भी प्रदान करते हैं। नेतृत्व संवाद, कौशल विकास और प्रेरक अभियानों के माध्यम से युवाओं को नीति निर्माण से जोड़ा जा रहा है। विवेकानंद की चेतना को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करना यह दर्शाता है कि प्रेरणा और शासन के बीच मजबूत सेतु बनाया जा रहा है। हालांकि रोजगार, ग्रामीण असंतोष और जलवायु संकट जैसे प्रश्न गंभीर बने हुए हैं, जिनका समाधान समय और संतुलन दोनों की मांग करता है। मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव साहसिक है, पर उसका प्रभाव ग्रामीण महिलाओं और आजीविका पर कैसे पड़ेगा, यह आने वाला समय तय करेगा।

आर्थिक और डिजिटल मोर्चे पर मोदी की गति निरंतर बनी हुई है। सुधारों की प्रक्रिया रुकी नहीं, बल्कि और अधिक सशक्त हुई है। आधारभूत संरचना, विनिर्माण प्रोत्साहन, डिजिटल सार्वजनिक प्रणाली और व्यापार सुगमता ने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। वैश्विक झटकों के बावजूद विकास बनाए रखना प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था और किफायती तकनीक पर जोर युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करता है, हालांकि असमानता और रोजगार जोखिम जैसे प्रश्न अभी भी उत्तर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मोदी की विशेषता यही है कि वे चुनौतियों से आंख नहीं चुराते, बल्कि समाधान की ओर बढ़ते हैं।

विदेश नीति में रणनीतिक स्वायत्तता मोदी युग की स्थायी पहचान बनी हुई है। चीन के साथ संतुलन, पड़ोसी देशों के साथ पुनर्संयोजन और पाकिस्तान के प्रति सतर्क दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि कठोरता और व्यावहारिकता साथ चलते हैं। जर्मनी के साथ समझौते और नौसैनिक सहयोग भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करते हैं। भारत अब केवल नियम मानने वाला देश नहीं, बल्कि नियम निर्माण में सहभागी बन रहा है, हालांकि घरेलू राजनीति में सामाजिक संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। विकास की गति और सामाजिक एकता के बीच संतुलन साधना इस दौर की सबसे कठिन, लेकिन सबसे आवश्यक जिम्मेदारी है।


2026 केवल एक कैलेंडर वर्ष नहीं, बल्कि नीतिगत परीक्षा का समय है। एक राष्ट्र एक चुनाव, न्यायिक सुधार और दीर्घकालिक विकास की परिकल्पना मोदी की दूरदृष्टि को दर्शाती है। हजार वर्षों की सभ्यतागत चेतना को आधुनिक शासन से जोड़ना सरल कार्य नहीं है। संसद से समाज तक संवाद बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि नीति और जनमानस के बीच दूरी बढ़ी, तो उपलब्धियां कमजोर पड़ सकती हैं, इसलिए सहभागिता को केंद्र में रखना अनिवार्य हो जाता है। मोदी यह जानते हैं कि नेतृत्व केवल निर्णय लेने से नहीं, बल्कि विश्वास बनाए रखने से टिकता है। इसलिए उनका हर कदम यह संकेत देता है कि परिवर्तन तभी स्थायी होगा जब सहभागिता बनी रहे।

नरेंद्र मोदी की कार्यप्रणाली एक ऐसी प्रवाहमान धारा है जो विरोधों के बीच भी दिशा नहीं बदलती। वे संकट में अवसर और अंधड़ में संभावना खोजते हैं। भारत को रुकने की अनुमति नहीं, यही उनका मूल मंत्र है। यह समय केवल एक नेता का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सामूहिक यात्रा का प्रतीक है। मार्ग कठिन है, लेकिन संकल्प स्पष्ट है। यदि आंतरिक एकता बनी रही और संवाद जीवित रहा, तो हर चुनौती सीढ़ी बन सकती है। मोदी का संदेश स्पष्ट है, गति थमती नहीं, दृष्टि झुकती नहीं और लक्ष्य बदलता नहीं। भारत आगे बढ़ेगा, क्योंकि रुकना विकल्प नहीं है।

**-प्रो. आरके जैन**

# विकास प्राधिकरण के आवासीय भवन को तोड़कर दुकान बनाने वाले नगर निगम के नोटिस को नहीं मानते

## नहीं हटाया अतिक्रमण, आज होगा दूसरा नोटिस जारी






**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में आवासीय भूखंड पर टीन शेड एवं पक्का निर्माण कर दुकानें बनाकर व्यावसायिक उपयोग करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वह इसलिए कि नगर निगम द्वारा जारी नोटिस को भूखंड स्वामियों ने मजाक में उड़ा दिया है। नगर निगम के नोटिस में 7 दिन का समय दिया गया था और यह अवधि मंगलवार को समाप्त हो चुकी है बावजूद इसके भूखंड स्वामियों ने स्वत ही अतिक्रमण नहीं हटाया। ऐसे में नगर निगम गुरुवार को दूसरा नोटिस जारी करेगी। इस संबंध में जब नगर निगम के इंजीनियर विजय जाधव से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अभी हमने प्रथम नोटिस जारी किया था जिसमें भूखंड स्वामियों को यह चेतावनी दी थी कि वह सात दिवस के अंदर अपना अतिक्रमण स्वत ही हटा लें। समय अवधि समाप्त होने के बाद अतिक्रमण हटाने की आगामी कार्रवाई की जाएगी, जिसका सारा खर्चा भूखंड स्वामियों को देना होगा। जब उनसे यह पूछा गया कि समय अवधि बीतने के बाद कार्रवाई कब होगी तो उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले तीन नोटिस जारी किए जाते हैं। गुरुवार को हम दूसरा नोटिस जारी करेंगे। उसकी समय अवधि बीतने के बाद 24 घंटे में अतिक्रमण हटाने का अंतिम व तीसरा नोटिस जारी करेंगे। उसके बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर निगम का अमला अतिक्रमण को 24 घंटे की अवधि समाप्त होने के बाद ध्वस्त कर देगा, जिसका सारा खर्चा भूखंड स्वामियों को देना होगा। उल्लेखनीय है कि कहने को तो नाम सिविल लाइन क्षेत्र है जिसका अर्थ यह होता है कि यह क्षेत्र आवासीय है यहां पर प्राधिकरण द्वारा निर्मित भवन है जो लीज रेंट पर दिए जाते हैं। भवन देने के पहले लीज-डीड होती है जिसमें भी यह शर्तें होती हैं कि भवन में किसी तरह का परिवर्तन भूखंड स्वामी द्वारा नहीं किया जा सकेगा लेकिन इस सिविल लाइन क्षेत्र का अर्थ ही इन लोगों ने बदल डाला है। यहां टीन शेड की दुकान बनाकर व्यावसायिक क्षेत्र बना दिया है। ना तो इसके लिए कोई भूमि परिवर्तन कराया गया है और नहीं भूखंड का व्यवसायिक कर चुकाया जा रहा है। मनमानीपूर्वक प्राधिकरण के भवन में नक्शे को परिवर्तित कर दीवार तोड़ी गई और सड़क की ओर मुख्य मार्ग पर दरवाजे पर शटर लगा लिए गए हैं। इतना ही नहीं, पक्की व टीन शेड की दुकानें बनाकर किराए पर चढ़ा दी गई है। प्रति माह किराया वसूला जा रहा है और उधर नगर निगम को राजस्व की हानि हो रही है। नगर निगम के अधिकारी भी इतने वर्षों से ऐसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे। जब मामला समाचार पत्रों की सुर्खियों में आया तब जाकर निगम अधिकारियों की नींद खुली। उधर नगर निगम अमले द्वारा एमजी रोड पर तो सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया गया और किसी ने भी यहां इस कार्रवाई पर हस्तक्षेप नहीं किया। ऐसे में अब जिनके अतिक्रमण ध्वस्त हुए हैं, वह भी कहने लगे हैं कि शहर के अन्य क्षेत्र में भी कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह भेदभाव नहीं होना चाहिए। सिविल लाइन क्षेत्र को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा था, लेकिन अब यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों के संज्ञान में भी अब यह मामला आ चुका है और शीघ्र ही यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो सकती है। उधर अतिक्रमणकारियो में इस मामले को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। लेकिन वह अभी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शायद कार्रवाई से बच सकें, लेकिन इस बार नवागत निगम आयुक्त इस मामले को लेकर सख्त नजर आ रहे हैं। अब देखना है कि दूसरा नोटिस जारी होने के बाद यहां के भूकंप स्वामी अपना अतिक्रमण स्वयं हटाते हैं या फिर नगर निगम की कार्रवाई का इंतजार करेंगे।

दुकानदारों को कैसे मिली सुविधा - जब यह पता है कि अतिक्रमण कर भूमि का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। बावजूद इसके दुकान संचालकों को न सिर्फ इंटरनेट कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, बल्कि खाद्य लाइसेंस तक मिल चुके हैं। इतना ही नहीं गुमास्ता लाइसेंस भी बनाए गए हैं जो कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। यदि यह सब सुविधा दी गई हैं तो किस आधार पर दी गई हैं और यदि यह सुविधा नहीं है तो फिर इतने समय से यहां दुकानों का संचालन कैसे हो रहा था। अमूमन यह सुविधा देने के लिए आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य होते हैं, लेकिन लगता है कि मिलीभगत के चलते दस्तावेजों में हेर-फेर कर यह संसाधन जुटाए गए हैं। यह जांच का विषय बन गया है।

नगर निगम और प्राधिकरण दोनों का प्रभार निगम आयुक्त के पास- सिविल लाइन क्षेत्र का जो मामला है वह नगर निगम और प्राधिकरण से जुड़ा हुआ है। खास बात यह है कि इन दोनों ही संस्थानों में निगम आयुक्त वी प्राधिकरण सीईओ का प्रभार निगम आयुक्त दलीप कुमार के पास है। नगर निगम के सर्वे में यह दुकान अवैध पाई गई हैं तो वहीं प्राधिकरण की लीज डीड में भी शर्तों का उल्लंघन साफ नजर आ रहा है। ऐसे में अब देखना यह होगा कि निगम आयुक्त द्वारा दोनों विभागों से इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

## अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की लगातार कार्यवाई



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वाहन चैकिंग के दौरान अवैध मदिरा परिवहन करते हुए शहर में कार्यवाही की गई, 01 प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मार्गदर्शन में आबकारी देवास अ मैं अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसमें दिनांक 12.01.2026 को आबकारी टीम द्वारा लोहार पिपल्या, शिप्रा क्षेत्र मैं रोड पर अवैध मदिरा परिवहन करते हुए एक मारुति वेन को जप्त किया गया, मारुति वेन की तलाशी लेने पर 70 पाव देशी प्लेन मदिरा के जप्त किए गए , 01 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा (34)के तहत पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 154900/ रुपए है। आज की कार्यवाही में प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी, दिनेश भार्गव, आबकारी मुख्य आरक्षक बाल मुकुंद गौड़ ,दीपक धुरिया, आरक्षक बाल कृष्ण जायसवाल,निहाल खत्री, एवम् सैनिक किशोर सम्मिलित रहे, इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## अज्ञात चोरों ने तीन भेस व तीन पाड़े चुराए, सीसीटीवी में कैद



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीएनपी थाना क्षेत्र में अज्ञात आरोपियों द्वारा तीन भेस और तीन बछड़े (पाड़े) चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। फरियादी राजेंद्र सिंह ने बीएनपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार अज्ञात आरोपी घर के अंदर बंद भेस व पाड़ों को घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में तीन भेस और तीन पाड़ों को चुराकर ले जाते हुए आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए मवेशियों को बरामद किया जाएगा।

## जनप्रतिनिधियों ने किया नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक श्री सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा और नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर ने सीहोर के वार्ड क्रमांक 34 में नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इस नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक से 07 वार्डों के नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर के पास मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। जहाँ सामान्य बीमारियों का इलाज, दवाइयां, पैथोलॉजी जाँचें और विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह जैसी सुविधाएँ आसानी से मिलती हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ हो रही हैं। कार्यक्रम के दौरान डीएचओ डॉ मालती आर्या, डॉ पिकेश अग्रवाल, श्री राजकुमार गुप्ता, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री हरिओम मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मराठी साहित्य अकादमी के कविवर्य भास्कर रामचंद्र तांबे पुरस्कारों की घोषणा

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि मराठी साहित्य अकादमी, भोपाल द्वारा स्थापित कविवर्य भास्कर रामचंद्र तांबे कृति पुरस्कारों की घोषणा की गई है। कैलेंडर वर्ष 2021 के लिए यह पुरस्कार कविता/नाटक और कहानी/उपन्यास की श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे।

जलगांव के रचनाकार श्री बालकृष्ण सोनवणे को कविता/नाट्य लेखन श्रेणी में उनकी कृति समजूतदार जाणिवांचे कवाडसे को पुरस्कार के लिए चुना गया है। कहानी (कथा)/कादम्बरी (उपन्यास) श्रेणी में दो रचनाकारों को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें मुंबई के श्री जयंत पवार की कृति मोरी नींद नसानी होय और सोलापुर की सुश्री गीता जोशी की कृति डोकं शाबूत आहे का चयन किया गया है।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इन पुरस्कारों का वितरण आगामी 27 फरवरी, 2026 को मराठी भाषा दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित होने वाले मराठी गौरव दिवस कार्यक्रम में किया जाएगा। पुरस्कृत होने वाले तीनों साहित्यकारों को सम्मान निधि के रूप में 51,000-51,000 रुपये की राशि, प्रशस्ति पत्र, शॉल और श्रीफल भेंट कर पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मराठी साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न विधाओं में श्रेष्ठ कृतियों के लिए कविवर्त भास्कर रामचंद्र तांबे पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जिसका उद्देश्य मराठी साहित्य एवं संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करना है।

## संभागायुक्त, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर एवं एसपी ने रूद्राक्ष महोत्सव के संबंध में ली बैठक

### अधिकारियों एवं आयोजन समिति के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में की चर्चा



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुबेरेश्वर धाम में आगामी 14 फरवरी 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव के दृष्टिगत भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह, आईजी श्री अभय सिंह, डीआईजी श्री राजेश चंदेल, कलेक्टर श्री बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, संबंधित अधिकारियों एवं समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक आयोजित कर महोत्सव के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन तथा समिति द्वारा इस आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सेवाओं तथा कार्य योजना को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

बैठक में उन्होंने कहा कि रूद्राक्ष महोत्सव के दौरान देश-प्रदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन और आयोजन समिति दोनों की जिम्मेदारी है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर, योजनाबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सीधे श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्रभावित करेगी, इसलिए सभी अधिकारी और आयोजन समिति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। बैठक में प्रशासन द्वारा आयोजन समिति को पर्याप्त पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने, संकेतक लगाने, भोजन व्यवस्था और इस आयोजन के लिए पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर तैनात करने के लिए कहा गया। बैठक में इस आयोजन के दौरान बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए समिति के सभी पदाधिकारियों, वॉलंटियर्स और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

यातायात एवं पार्किंग प्लान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों एवं हाईवे पर यातायात सुचारू रखने के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन कर अलग-अलग जोन निर्धारित किए जाएं तथा आयोजन समिति एवं प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि श्रद्धालुओं को पार्किंग से कथा स्थल तक सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवागमन की सुविधा मिले। ऑटो एवं अन्य वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड, उचित ढलान तथा मार्ग व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजन समिति एवं प्रशासन को पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैयार रखने, उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा भीड़ प्रबंधन संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी को लेकर फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन निकास व्यवस्था पूर्ण रूप से उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए।

पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत आवश्यकताओं के संबंध अधिकारियों ने आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता के लिए अस्थाई एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त संख्या स्थापित कर सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने तथा कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित रखते हुए सभी कनेक्शनों की जांच, नो-मैन जोन का पालन एवं विद्युत विभाग की 24 घंटे सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

तकनीकी व्यवस्थाओं के अंतर्गत नेटवर्क कनेक्टिविटी, अनाउंसमेंट सिस्टम एवं एलईडी स्क्रीन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को कथा का स्पष्ट प्रसारण एवं आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर प्राप्त हो सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कथा के दौरान 15 जनवरी से 15 मार्च 2026 तक रूद्राक्ष वितरण पूरी तरह से बंद रहेगा तथा आयोजन समिति द्वारा इस संबंध में प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए जाएं तथा मीडिया के माध्यम से श्रद्धालुओं इस सूचना को पहुंचाया जाए।

# संकल्प से समाधान योजना का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है - कलेक्टर

### धान उपार्जन में केवल पंजीकृत किसानों से ही की जाए खरीदी – कलेक्टर




**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विभागों की विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान 12 जनवरी युवा दिवस से प्रारंभ हुई संकल्प से समाधान योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जाएं, ताकि योजना का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, श्री रविन्द्र परमार, डिप्टी कलेक्टर श्री जमील खान, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, श्रीमती स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश- कलेक्टर ने नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल के स्रोत से लेकर जल आपूर्ति के अंतिम छोर तक चार चरणों में पानी की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

## कलेक्टर ने पेयजल संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्ट्रेट में इस बार जन-सुनवाई के साथ जल-सुनवाई भी हुई। जल-सुनवाई में प्राप्त हुई पेयजल से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने फोन के जरिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही आवेदनों पर आवश्यक टीप दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि पेयजल से संबंधित समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। इसमें जरा सी भी ढ़िलाई न हो, अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में प्राप्त हुई जमीन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित तहसीलदार को बुलाकर आवेदक से सीधी बात कराई। साथ ही मोबाइल फोन से भी संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। जन-सुनवाई में रमौआ क्षेत्र में अतिक्रमण, सिकरौदी में रास्ते पर अतिक्रमण व बिलौआ में तालाब की वजह से नजदीक के खेतों में जल रिसाव की समस्या लेकर स्थानीय निवासी पहुँचे। कलेक्टर ने इन सभी समस्याओं को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में इस बार 93 लोगों की सुनवाई हुई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

## अमलतास कॉलेज के मेजर जनरल डॉ. श्रीकांत नेमा राज्य के सबसे वरिष्ठ रोगविज्ञानी से सम्मानित

### जबलपुर में जुटे देशभर के 400 पैथोलॉजिस्ट



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जबलपुर शहर में हाल ही में भारतीय रोगविज्ञानी एवं सूक्ष्मजीवविज्ञानी संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। चिकित्सा जगत के इस महत्वपूर्ण समागम की मेजबानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज और महाकोशल एसोसिएशन ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स, जबलपुर द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

इस सम्मेलन में न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे भारत से 400 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा और नैदानिक सेवाओं में हो रहे आधुनिक बदलावों पर चर्चा की गई। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ विशेषज्ञों का सम्मान समारोह रहा। देवास स्थित अमलतास आयुर्वेद संस्थान में स्नातकोत्तर निदेशक और पैथोलॉजी सलाहकार मेजर जनरल डॉ. श्रीकांत नेमा को राज्य के सबसे वरिष्ठ रोगविज्ञानी के रूप में सम्मानित किया गया। पैथोलॉजी के क्षेत्र में एक शिक्षक के रूप में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान, और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए चिकित्सकों को प्रदान की गई उत्कृष्ट नैदानिक सेवाओं के लिए दिया गया।

डॉ. नेमा की इस उपलब्धि पर अमलतास आयुर्वेद संस्थान के अध्यक्ष, कुलपति और डीन ने उन्हें विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. नेमा के इस सम्मान से न केवल संस्थान का गौरव बढ़ा है, बल्कि यह युवा पैथोलॉजिस्ट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

## चायनीज मांझा बनाने व बेचने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चायनीज मांझा अर्थात नायलोन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र की दुकानों का निरीक्षण कर प्रतिबंधित मांझे के निर्माण, भण्डारण, विक्रय व उपयोग को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए हैं।

इस परिपालन में भितरवार, डबरा से लेकर ग्वालियर शहर में राजस्व अधिकारियों द्वारा पतंग व मांझा बेचने वाली दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिलेवासियों से भी अपील की है कि वे पशु-पक्षियों व मानव जीवन को नुकसान पहुँचाने वाले चायनीज मांझा से अपने बच्चों को पतंग न चलानें दें। यह मांझा खुद के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन के लिये भी खतरा बन सकता है। इसलिये मकर संक्रांति व अन्य अवसरों पर आयोजित होने वाले पतंग महोत्सव में इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस मांझे से वे पतंग उड़ाने जा रहे हैं वह कहीं चायनीज मांझा तो नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि चायनीज मांझा बेचने की जुर्रत करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जायेगी। चायनीज मांझे पर जिले में लगा है प्रतिबंध कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा गत 19 दिसम्बर 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत आदेश जारी कर जिले की सीमा के अंतर्गत चायनीज मांझा (नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा) के निर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं जिले के सभी एसडीएम को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश/ग्रामोत्सव अंतर्गत, जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम का आयोजन



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश/ग्रामोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 12 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय के ऑडिटोरियम हाल शाजापुर में गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक श्री अरुण भीमावद उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य वक्ता में श्री शैलेन्द्र जी सोनी (सामाजिक कार्यकर्ता), श्री शिव प्रसाद मालवीय (संभाग समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद), श्री जगदीश भावसार (सामाजिक कार्यकर्ता) एवं श्री मुकेश सक्सेना (नवांकुर चयन समिति सदस्य) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की रूपरेखा श्री बसंत रावत, विकासखंड समन्वयक द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने जानकारी दी कि स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसकी समस्त रूपरेखा उपस्थित सदस्यों के समक्ष विस्तार से रखी गयी ।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता श्री जगदीश भावसार ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से समाज को जाग्रत किया।

श्री शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्वयक ने म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संभाग, जिला एवं जनपद/ग्राम स्तर पर किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि विवेकानंद जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए परिषद पूर्ण रूप से कटिबद्ध है।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री शैलेन्द्र जी सोनी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अल्पायु में ही उन्होंने भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं से चरित्रवान बनने का आह्वान किया तथा शिकागो सम्मेलन में दिए गए विवेकानंद जी के ऐतिहासिक उदबोधन का उल्लेख किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री अरुण भीमावद जी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है और हम जाति एवं वर्गों में विभाजित होते जा रहे हैं। यदि समय रहते अपने आचार-विचार नहीं बदले गए तो अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं। उन्होंने जन अभियान परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि वे वर्ष 2007 से परिषद से जुड़े हुए हैं और आज भी वही ऊर्जा देखने को मिल रही है।

कार्यक्रम के अंतर्गत युवा जन अभियान के तहत शाजापुर जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मल्लखंब एवं कूडो खेलों में रोशन करने वाले युवाओं को जन अभियान परिषद द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अन्य गतिविधि के अंतर्गत कैरियर परामर्शदाता के रूप में उपस्थित हुए मार्शल आर्ट जिला प्रमुख संचिव कुमार द्वारा मार्शल आर्ट में अपना कैरियर कैसे संवारे पर जानकारी प्रदान की ।

ध्यानयोग- परामर्शदाता महेंद्र वर्मा द्वारा उपस्थित लोगो को योग एवं ध्यान की जानकारी प्रदान की एवं ध्यान भी कराया गया

स्वच्छता पर कार्य - विवेकानंद जी की जयंती पर जन अभियान परिषद् के शाजापुर विकासखंड के छात्रो द्वारा विद्यालय परिसर की साफ़ सफाई की गयी ।

स्वदेश शपथ - श्री कपिल गुर्जर द्वारा स्वदेशी शपथ भी कार्यक्रम में दिलाई गयी

कार्यक्रम को बड़े ही रोचक एवं सुन्दर तरीके से प्रस्तुत किया गया जिसमे कि विवेकानंद जी की जयंती पर सुन्दर रंगोली छात्रों द्वारा मुख्य द्वार पर बनाई गयी ।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्रीमती सीमा बैंडवाल, श्री धनसिंह धनगर, श्री बसंत रावत विकासखंड समन्वयक एवं ऑफिस स्टाफ से श्री रोहित मेहरा, श्री राजदीप सोनी, श्री संतोष राठौर, परामर्शदाता, नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं CMCLDP के छात्र छात्राए उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता श्री महेश सिसोदिया द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्री धनसिंह धनगर द्वारा माना गया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ।

## रुई मंडल का हिन्दू सम्मेलन संपन्न



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उज्जैन ग्रामीण जिले के रुई मंडल का हिन्दू सम्मेलन धनवंतरी महादेव मंदिर पिपलिया टाह में संपन्न हुआ जिसमें रुई मंडल के 12 गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रुप में श्रीमान प्रतापसिंह जी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही साध्वी हेमलता दीदी का प्रेरणादाई उद्बबोधन प्राप्त हुआ, मंच पर सन्त भगवानदास जी भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन लोकेश पटेल ने किया कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडल संयोजक सुरेश जी चौहान, रमेशचन्द्र जी आंजना, अमरसिंह जी पटेल, भागवनसिह जी, नारायण जी गुजराती, अजय जी दौलतपुर उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक समरसता भोज भी हुआ।

## स्वागत समारोह में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा मुझे सोपी गई जिम्मेदारी को लगन निष्ठा के साथ निभाऊंगी सोनी



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट महिला मंडल के शाजापुर जिला अध्यक्ष के पद पर मुझे वरिष्ठ जनों द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूर्ण लगन निष्ठा के साथ निभाऊंगी मेरा हमेशा प्रयास रहेगा की संस्था के सभी सदस्यों को साथ लेकर चलना एवं उनको पूर्ण सम्मान देना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी संस्था से अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा सदस्यता अभियान पूर्ण होने के पश्चात अकोदिया नगर से लेकर पूरी जिला स्तर तक की कार्यकारिणी का शीघ्र ही विस्तार किया जाएगा उक्त बात महिला मंडल की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी ने महिला मंडल की अकोदिया नगर इकाई द्वारा आयोजित अपने स्वागत के प्रति उत्तर में कहीं इस अवसर पर रचना शर्मा हनी गुप्ता शीला सोनी मनीषा परमार रेखा खत्री ममता धाकड़ माधुरी खत्री सोनू खत्री वर्षा कुशवाह प्रज्ञा अग्रवाल मेघा खत्री सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थी।

## हिंदू सम्मेलन के लिए ध्वजारोहण कर किया भूमिपूजन

**बच्चों ने निकाली साईकल रैली**



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू समाज में सामाजिक समरसता के लिए, हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बेटमा नगर में 18 जनवरी रविवार को सुबह 10 बजे किया जा रहा है। जिसके निमित्त स्थानीय बियाणी गार्डन में आयोजन समिति ओर अतिथियों ने भगवान श्री गणेश पूजन के साथ भूमिपूजन और परम पवित्र भगवा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस अवसर पर नगर के समस्त व्यापारी बंधुओं से आधे दिन तक अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर आयोजन में सम्मिलित होने का आव्हान किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु किशोर एवं बालकों की साइकिल रैली भी मंगलवार को निकाली गई। रैली मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः मंडी प्रांगड़ पहुँची। साथ ही घर घर जाकर पीले चावल व निमंत्रण देने, युवाओं की दो पहिया वाहन रैली निकालने की भी योजना बनाई गई। हिंदू सम्मेलन में गणेश मलखंब द्वारा मलखंब प्रदर्शन, राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न समितियों का गठन भी किया जा चुका हैं।

## जिला अध्यक्ष गेहलोत के जन्म दिवस पर स्वागत समारोह आयोजित



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट जिला अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत के जन्म दिवस के अवसर पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया एवं महिला मंडल इकाई द्वारा रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन श्री खाटू श्याम मंदिर शनी धाम पर आयोजित किया गया सर्वप्रथम डॉक्टर गेहलोत ने बाबा खाटू श्याम शनिदेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर के पुजारी पंडित हेमंत शर्मा द्वारा डॉक्टर गेहलोत को मंगल तिलक लगाकर बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट की ओर से प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल जिला मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा संजय शर्मा दीपक अग्रवाल आयुष चांडक दीपक सोनी रोहित पचौरी गोलू गुप्ता नॉटी विश्वकर्मा ने शाल श्रीफल भेंटकर साफा बांधकर सम्मान किया गया महिला मंडल की ओर से रचना शर्मा रेखा खत्री हनी गुप्ता शीला सोनी वर्षा कुशवाह माधुरी खत्री मनीषा परमार मेघा खत्री ममता धाकड़ शीतल सोनी मुस्कान खत्री मानसी चौरासिया द्वारा केक कटवाकर स्मृति चिन्ह प्रदान कर जन्म दिवस की बधाइयां प्रेषित की गई श्याम प्रेमियों द्वारा बाबा श्याम की महाआरती कर प्रसादी का विवरण किया गया।

## जिला स्तरीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार मंगलवार को डाइट परिसर में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विकासखंड स्तर से चयनित 113 विद्यार्थियों ने मॉडल, लघु नाटिका, स्वरचित गीत और सेमिनार के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे छात्रों में स्वयं करके सीखने की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। उन्होंने जिला स्तर पर चयनित छात्रों को संभाग स्तर पर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंतीः- उत्तीष्ठत जागृत प्राप्य वरान्निबोधत



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में संस्था प्राचार्य डॉक्टर बी एस बिभूति के निर्देशन में स्पोर्ट ऑफिसर डॉ अजय हनोतिया ने विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के साथ आज स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्यनमस्कार किया तथा स्वामी जी के उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको के महत्व कों केंद्र में रख कर रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया उक्त दौड़ महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर सलसलाई रोड होते हुवे पुलिस चौकी एवं विभिन्न चौराहो से होकर महाविद्यालय पर पूर्ण हुई। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य डॉ बी एस बिभूति ने विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को युवा दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की एवं सबसे स्वदेशी के भाव कों सर्वोपरि रखने का आग्रह किया। उक्त अवसर पर विद्यार्थी एवं स्टॉफ की उपस्थिती रही। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ ओ पी वर्मा द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी देकर जागरूकता से सुरक्षित यात्रा के महत्व कों उजागर किया। जानकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जीवन लाल शर्मा द्वारा दी गई।

## पूर्व मंत्री सज्जन सिंह जी वर्मा का लोकेंद्र सिंह राहुल मंडलोई के नेतृत्व में ब्लाक कांग्रेस कार्यलय पर भव्य स्वागत किया

**सज्जन वर्मा ने कहा अकोदिया आने के लिए कहीं दिन से दिल धड़क रहा था**




**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी लोकप्रिय जन नेता पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का शाजापुर जिले के दौरान नगर अकोदिया आगमन पर पूर्व पार्षद लोकेंद्र सिंह उर्फ राहुल मंडलोई के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया श्री वर्मा के साथ कांग्रेस नेता रामवीर सिंह सिकरवार जिला अध्यक्ष नारेश्वर प्रताप अकोदिया ब्लॉक महेंद्र मेवाड़ा लक्ष्मीनारायण परमार करण सिंह मेवाड़ा निर्भय सिंह जी जगदीश पार्षद बाबू दांगी बुल्ला पठान मुकेश खत्री शोएब लाला सेलू ठाकुर मनीष परमार सचिन जैन झनक शर्मा आनंद विजयवर्गीय जाहिद लाला छोटू ठाकुर हर्ष खत्री पिंटू परिहार मनोज परिहार कमाल कुरैशी बिट्टू मेवाड़ा नितेश जायसवाल शारद जैन केदार मेवाड़ा जितेंद्र मेवाड़ा जसपाल रिंकू मेवा

मेवाड़ा अखलेश मेवाड़ा अनेक कांग्रेसजन उपस्थित हुवे - पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आपके नगर आने के लिए कहीं दिन से दिल धड़क रहा था।

इंदौर उज्जैन संभाग की राजनीति में सबसे बड़े चाणक्य माने जाने वाले देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन वर्मा जहां शाजापुर जिले के दौरे के दौरान अकोदिया पहुंचे जहां ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय श्री राहुल मंडलोई के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया।

पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा मुझे गर्व है ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर - जैसे ही पूर्व मंत्री अकोदिया की बस स्टैंड पहुंचे तो युवा कार्यकर्ता पूर्व पार्षद लोकेंद्र सिंह उर्फ राहुल मंडलोई के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद जिंदाबाद सज्जन वर्मा जिंदाबाद जिंदाबाद के नारा लगना शुरू हो गए यहां श्री सज्जन वर्मा ने बस स्टैंड पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाने जहां युवा कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुझे गर्व है अकोदिया ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं पर आप सब पार्टी की रिड की हड्डी की तरह है लगे रहो बने रहो एक दिन पुनः फिर प्रदेश सहित देश में कांग्रेस स्थापित होगी।

नेता हो तो सज्जन वर्मा - अकोदिया नगर स्थित पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा माना की अकोदिया कहीं दिनों में आए हैं लेकिन नगर के लिए उनके दिल में कितना मान सम्मान है इस बात का पता इसलिए भी लगाया जा सकता है क्योंकि ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर मौजूद ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मेवाड़ा के बस स्टैंड स्थित ऑफिस पर पूर्व मंत्री श्री सज्जन वर्मा ने करीब करीब मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को नाम के साथ पुकारा इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सज्जन वर्मा आज भी अपने कार्यकर्ताओं को जी जान से चाहते हैं जबकि राजनीतिक क्षेत्र में बड़ा लेवल हो जाने के बाद कई राजनीतिक लोग छोटे कार्यकर्ताओं को याद नहीं करते हैं लेकिन सज्जन वर्मा आज भी नगर अकोदिया के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नाम सहित पुकारता है जिसके चलते कार्यकर्ताओं में भी पूर्व मंत्री श्री वर्मा का आदर मान सम्मान दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को दी श्री वर्मा ने बधाई - अकोदिया पहुंचे पूर्व मंत्री श्री सज्जन वर्मा ने यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात की वहीं पूर्व पार्षद राहुल मंडलोई से भी विशेष चर्चाएं की गई है सज्जन वर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप चिंता ना करें पार्टी हित के लिए कार्य करते रहिएगा आगामी चुनाव में कांग्रेस का प्रक्षम लहराना है इसके लिए आप सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी हित के लिए कार्य करे नव नियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमान महेंद्र सिंह मेवाडा को भी नए दायित्व की बधाई दी

## सर्वार्थ सिद्धि योग में गुप्त नवरात्र का आरंभ 19 को



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** इस बार पूरे 9 दोनों का रहेगा देवी आराधना का पर्व काल,, गुप्त साधना होगी बड़नगर,, प्राचीन हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में माघ मास की गुप्त नवरात्रि का आरंभ 19 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग मैं होगा, गुप्त नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार होगा, पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया की इन नौ दिनों में साधक

तंत्र, मंत्र,व यंत्र सिद्धि की की गुप्त आराधना करेंगे,, भागवत महापुराण में वर्ष में चार नवरात्र की मान्यता है इसमें दो प्राकट्य व दो गुप्त नवरात्र मानी गई है इस बार नवरात्र में दो सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का संयोग होने से मांगलिक कार्यों के लिए श्रेष्ठ मानी जा रही है इस नवरात्र में महिलाएं हिंगलाज माता की मधुर भजनों से आराधना कर अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करेंगी। जानकारी पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## गुरु के बताए पथ पर चलोगे तो गोविंद प्राप्त होगा- महंत रामनवमी दास जी



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** विद्यालय के एक कमरे में एक शिक्षक 50 विद्यार्थियों को शिक्षा देता हे एक ब्लैक बोर्ड रहता हे एक चाक से लिखता हे सभी को सामान भाव से शिक्षा देता हे लेकिन एक विद्यार्थी प्रथम आता हे क्योंकि उसने गुरु के ज्ञान को आत्म सात किया वैसे ही इस भव सागर में गुरु के बताए पथ पर चलोगे तो गोविंद प्राप्त होगा जीवन यात्रा सफल होगी ।उक्त उदगार पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन संप्रदाय के भ्रमण शील जमात के मुख्या महंत रामनवमी दास जी महाराज ने सराफा चौक स्थित उदासीन अखाड़े में कहा आपने कहा कि आप सब समय निकाल कर बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देवे ।कुटुंभ सभा करे पर्यावरण पर ध्यान देवे नगर के धार्मिक स्थानों को स्वच्छ रखे समाज में सकारात्मक कार्य करे। एक जुट रहे, प्रभु नाम स्मरण करे ।इनको करने से आप के जीवन में सूर्य उत्तरायण की ऊर्जा प्राप्त होगी।आप का उज्जैन से बड़नगर में प्रथम बार आगमन हुआ ।आपके साथ महंत राममुनि,सत्यानंद दास उज्जैन ,सर्वमुनि कोट पुतली जयपुर भी पधारे।आपने आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर भक्तों आमंत्रित किया साथ ही कहा कि बहुत शीघ्र जमात नगर में आएगी यहां के भक्त गुरुचरणाश्रय में लीन रहते हे ।इस अवसर पर गुरुदेव का पंडित आशुतोष भट , रामनिवास नवहाल ने स्वस्ति वाचन किया ।स्थानीय महंत सरस्वतीदासजी अभय सोनी ने शाल श्रीफल भेंट कर बहुमान किया ।प्रमुख रूप से देवेन्द्र सेठी ,हरीश मेलवानी, विपिन सारस्वत,राकेश शर्मा, अक्षय सोनी,रोहित पांडे,जगदीश जोशी ,गोपाल सोनगरा उपस्थित थे।

## पुलिस ने जुआ खेलते 3 जुआरियों को किया गिरफ्तार, दो हुए फरार



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** सोमवार रात्रि गश्त के दौरान बड़नगर पुलिस को बड़नगर में आदिनाथ कॉलोनी बड़नगर कुछ लोगो के द्वारा अवैध रूप से जुआ खेलने की सूचना मिली थी । सूचना पर बड़नगर थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाटीदार द्वारा पुलिस टीम भेजकर तत्काल कार्यवाही की गई जिस पर पुलिस ने आदिनाथ कॉलोनी बड़नगर में जाकर अवैध रूप से जुआ खेलते कुल 03 आरोपीयो को पकड़ा। नाम पता पुछते अमित पिता नेमीचंद सकलेचा निवासी आदिनाथ कॉलोनी बड़नगर, आजाद पिता मुरार शाह निवासी लोहाना कुटी , रामेश्वर पिता महादेव रीछा निवासी शांतिनिकेतन चौराहा बड़नगर का होना बताया। आरोपीयो के कब्जे से 52 ताश के पत्ते एवं जुए की कुल रकम 6620/- रूपये जप्त किये गये । आरोपीयो के विरूद्ध अप.क्र.15/2026 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है । आरोपी अमित पिता नेमीचंद सकलेचा निवासी आदिनाथ कॉलोनी बड़नगर थाना हाजा का स्थाई वारंटी होने से स्थाई वारंट मे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । आरोपी आजाद पिता मुराद शाह का आपराधिक रिकार्ड होने के कारण गुण्ड़ा फाईल खोली जायेगी। प्रकरण मे दो फरार आरोपी की तलाश जारी है। आरोपीयो के विरूद्ध पूर्व के भी जुएँ ,मारपीट, छेड़छाड़,बलात्कार जैसे गम्भीर अपराध थाना बड़नगर पर पंजीबंद्ध है ।

सराहनीय भूमिका- उक्त प्रसंशनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, उनि.सुरेन्द्रसिंह गरवाल , उनि.सौभागसिंह पंवार , प्र.आर. हेमराज खरे, प्र.आर.राहुलसिंह राठौर, आर.1410 रोहित मालवीय, आर.73 नारायण सरा, आर.754 स्वरूप हिरवे, आर.कैलाश गरवाल, सैनिक अमरसिहं चौहान, सैनिक ऊंकारलाल परमार की सराहनीय भुमिका रही ।

**अपराधिक रिकॉर्ड**

**01. अमित पिता नेमीचंद सकलेचा उम्र 40 साल निवासी आदिनाथ कॉलोनी बड़नगर-**

| अपराध क्रमांक | धारा |
| --- | --- |
| 87/2021 | 354(घ), 354-D, 366, 376, 376(2), 506 भादवि |
| 560/2021 | 195-A, 294, 506 भादवि |
| 15/2026 | 13 जुआ एक्ट |

**02. आजाद पिता मुरार शाद उम्र 40 साल निवासी लोहाना कुटी-**

| अपराध क्रमांक | धारा |
| --- | --- |
| 63/2017 | 4 जुआ एक्ट |
| 74/2017 | 13 जुआ एक्ट |
| 34/2018 | 13 जुआ एक्ट |
| 73/2018 | 4A सट्टा अधि. |
| 620/2025 | 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस |
| 15/2026 | 13 जुआ एक्ट |

**03. रामेश्वर पिता महादेव रीछा उम्र 23 साल निवासी शांतिनिकेतन चौराहा बड़नगर-**

| अपराध क्रमांक | धारा |
| --- | --- |
| 184/2022 | 294,323,506,34 भादवि |

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश पखवाड़ा का आयोजन




**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर के द्वारा शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में जिला स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश और स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन विधायक श्री अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदेश सलाहकार श्री शिवनारायण पटेल, शासी निकाय सदस्य सरदार अजीत सिंह सीटू, प्राचार्य श्रीमति शिखा सक्सेना और वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रहलाद पटेल भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश पत्रक का विमोचन कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्री अशोक रोहाणी ने परिषद के द्वारा आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश पखवाड़ा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सभी की सहभागिता की बात रखी।

# बहादुर सागर तालाब पर जल आपदा प्रबंधन को लेकर NDRF एवं SDERF का वाटर फ्लड रेस्क्यू डेमोंस्ट्रेशन

## जल आपदा की स्थिति में त्वरित राहत-बचाव का लाइव प्रदर्शन

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में आज बहादुर सागर तालाब पर NDRF एवं SDERF की संयुक्त टीम द्वारा जल आपदा प्रबंधन से संबंधित वाटर फ्लड रेस्क्यू डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इस डेमोंस्ट्रेशन का उद्देश्य बाढ़ एवं जल आपदा की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी राहत-बचाव कार्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान तालाब में बने टापू पर बाढ़ के दौरान फँसे व्यक्तियों के रेस्क्यू, राहत एवं बचाव कार्यों का लाइव प्रदर्शन कर विभिन्न परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली तकनीकों को व्यवहारिक रूप से समझाया गया।



11वीं वाहिनी हष्ठक्रस्न के डिप्टी कमांडेंट श्री राम भवन सिंह यादव द्वारा डेमोंस्ट्रेशन की संपूर्ण जानकारी देते हुए जल आपदा के समय रेस्क्यू की प्राथमिकताओं, सावधानियों एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रदर्शन के दौरान टापू पर फँसे लोगों को सुरक्षित किनारे लाने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से दिखाया गया। साथ ही डूबती नाव से तीन अलग-अलग प्रकार के विक्टिम के रेस्क्यू की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें तैर सकने वाले व्यक्ति को किनारे से ड्राई रेस्क्यू, थोड़ा तैरना जानने वाले व्यक्ति को लाइफ बॉय के माध्यम से सुरक्षित निकालना तथा डूब रहे व्यक्ति को प्रशिक्षित गोताखोर की सहायता से रेस्क्यू करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

डेमोंस्ट्रेशन के दौरान Artificial Survival Device के महत्व को भी रेखांकित किया गया। बताया गया कि लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, रेस्क्यू ट्यूब, इन्फ्लेटेबल ट्यूब, टायर ट्यूब, खाली प्लास्टिक बोतलें एवं ड्रम जैसे मानवनिर्मित तैरने वाले उपकरण जल या बाढ़ आपदा के समय व्यक्ति को पानी की सतह पर बनाए रखकर रेस्क्यू होने तक जीवन रक्षा में सहायक होते हैं। ये उपकरण घबराहट कम करने, ऊर्जा की बचत करने तथा रेस्क्यूअर एवं पीड़ित दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे सीमित संसाधनों में भी प्रभावी बचाव संभव हो पाता है।

कार्यक्रम के अंत में सीपीआर की संपूर्ण तकनीक का भी विस्तृत प्रदर्शन किया गया, जिसे एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से दोहराकर अभ्यास कराया गया। इस अभ्यास के माध्यम से आपदा या दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने के महत्व को समझाया गया। यह डेमोंस्ट्रेशन उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिससे आपदा के समय सतर्कता, समन्वय एवं सही तकनीक के उपयोग का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेट श्री शशीधर पिल्लई, तहसीलदार श्री सुनिल डावर, हष्ठक्रस्न की टीम एवं स्ष्ठश्वक्रस्न की टीम, सिविल डिफेंस, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पाटी विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती हेतु ममता ब्रिगेड का गठन और ममता पंचायत की पहल

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आकांक्षी विकासखंड पाटी अंतर्गत 45 ग्राम पंचायत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण सुविधाओं के बेहतर विस्तार हेतु स्वास्थ्य पोषण सखी से संवाद का आयोजन ग्राम बुदी में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उक्त मॉडल अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ÷स्वास्थ्य पोषण सखी÷ ग्राम के मध्य से ही विशेष रूप से सक्रिय महिला के रूप में किया गया, साथ हो समाज के प्रबुद्ध जन जैसे पटेल और तड़वी को भी जोड़ा गया। संवाद का मुख्य उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में गृह प्रसव एवं कुपोषण की समस्या को कम करना रहा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के 12 सप्ताह के भीतर पंजीयन, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का समय पर चिन्हांकन एवं प्रबंधन, चार अनिवार्य एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। ममता पंचायत ऐसे ग्राम पंचायत जहाँ 100त्न संस्थागत प्रसव हो और कुपोषण से मुक्त हो कलेक्टर ने सक्रिय माताओं के साथ-साथ समुदाय के पटेलों एवं अन्य प्रमुख व्यक्तियों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर समाज से कुपोषण को समाप्त करने तथा मातृङ्कशिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने में सहयोग करें। साथ ही ग्राम पंचायतों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली ÷स्वास्थ्य पोषण सखी ÷ दल को भी प्रति माह घरेलू उपकरण प्रदाय कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राजा रवि वर्मा, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास का मैदानी अमले रूप में आशा आंगनवाड़ी एवं एएनएम कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**बडवानी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिला चिकित्सालय में चल रहे विभिन्न रखरखाव एवं मरम्मत कार्यों का गहन साइट सुपरविजन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर यूनिट में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लिफ्ट और फायर सेफ्टी उपकरणों की स्थापना व मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा 1. अस्पताल परिसर में वाहनों के सुव्यवस्थित आवागमन और पार्किंग के लिए प्रभावी योजना लागू की जाए। 2.सुव्यवस्थित शौचालय में स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए शौचालयों की नियमित सफाई और मरम्मत सुनिश्चित की जाए। 3.बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तहत संक्रमण की रोकथाम के लिए कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में आईटीआई करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रभारी प्राचार्य कुन्दन राठौर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बड़वानी में विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आईटीआई करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीआई से उपस्थित प्रशिक्षण अधिकारी सुश्री वीणा भगत और श्री राजेश झिल्वे की टीम ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में आईटीआई से श्री राकेश झिल्वे एवं युज्ञी वीणा भगत उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को आईटीआई के माध्यम से करियर प्रारंभ करने के विभिन्न मार्गों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि आईटीआई तकनीकी शिक्षा की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ से विद्यार्थी कक्षा 10वीं के बाद ऑनलाइन पंजीकरण कर अल्प समय में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। काउंसलिंग के दौरान बताया गया कि आईटीआई में 7 प्रमुख ट्रेड उपलब्ध हैं, जिनके लिए आवश्यक योग्यता, आयु-सीमा तथा संभावित वेतन पैकेज की जानकारी दी गई। उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि कम समय में नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए आईटीआई एक उपयुक्त विकल्प है। इलेक्ट्रिशियन ट्रेड पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह 2 वर्षीय कोर्स है, जिसमें विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं मशीनरी से संबंधित थियोरेटिकल एवं प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त होता है।

## राणापुर में GPDP के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनपद पंचायत राणापुर जिला झाबुआ में ग्राम पंचायत विकास योजना के प्रभावी एवं सहभागी क्रियान्वयन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



प्रशिक्षण सत्र में TRI से प्रैक्टिशनर श्री विवेक पाण्डेय ने GPDP की संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि GPDP ग्राम सभा से प्रारंभ होने वाली एक सहभागी योजना प्रक्रिया है, जिसमें गाँव की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान, प्राथमिकताओं का निर्धारण, गतिविधि-आधारित योजना निर्माण, बजट आवंटन तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं का समेकन किया जाता है। GPDP के माध्यम से केंद्र, राज्य एवं पंचायत स्तर की निधियों का समन्वित और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित होता है, जिससे विकास कार्य अधिक प्रभावी, समयबद्ध और ज़मीनी जरूरतों के अनुरूप बनते हैं।

सत्र के दौरान e-Gram Swaraj पोर्टल पर योजनाओं की प्रविष्टि, स्वीकृति एवं निगरानी की प्रक्रिया को भी व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। वक्ताओं ने GPDP के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जब योजना गाँव की जरूरतों से निकलती है और लोगों की भागीदारी से बनती है, तभी उसका वास्तविक प्रभाव धरातल पर दिखाई देता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय PPIA फेलो, झाबुआ द्वारा जनपद पंचायत के सीईओ, रानापुर के साथ किया गया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जनपद रनापुर की ग्राम पंचायतों में GPDP की गुणवत्ता सुधारने तथा आकांक्षी विकास खंड के अंतर्गत समावेशी एवं सतत ग्राम विकास को गति देने की दिशा मं एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इस प्रशिक्षण में सरपंच, पंचायत सचिव, PESA मोबिलाइज़र, ग्राम रोजगार सहायक तथा आकांक्षी विकास खंड फेलो की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत राणापुर द्वारा Transform Rural India Foundation (TRI) के सहयोग से किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जी के विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्रामोंदय से अभ्योदय मध्य प्रदेश अभियान का प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाजसेवियों में नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रप्रेम एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नर्मदा कान्वेंट बड़वानी स्कूल के डायरेक्टर एवं समाजसेवी श्री श्रीराम यादव उपस्थित रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल पाटीदार, सहायक प्राध्यापक, मॉडल कॉलेज करी, जिला बड़वानी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। वक्ताओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, उनके विचारों एवं प्रेरक प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। श्रीराम यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन आत्मविश्वास, सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पण की सीख देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को पहचानकर समाज और देश के लिए कार्य करें। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए समरसता के साथ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज के सभी वर्ग आपसी सद्भाव, समानता एवं सहयोग की भावना के साथ आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। स्वामी विवेकानंद जी के विचार हमें एकजुट होकर समाज निर्माण की प्रेरणा देते हैं। जिला समन्वयक सुश्री ज्योति वर्मा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर नवांकुर प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, छात्र-छात्राएं, समस्त परामर्शदाता, ब्लॉक समन्वयक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन श्री नरेन्द्र तंवर द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित सभी के द्वारा स्वदेशी अपनाने हेतु शपथ ली गई साथ ही श्री संजय सोलंकी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ, स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला झाबुआ द्वारा आज ÷ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश÷ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी गरिमामय रूप से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डीआरपी लाइन झाबुआ में व्याख्यान माला के रूप में किया गया।



कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक श्री कलसिंह भाबर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक श्री अमित शाह, संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षय सिंह मरकाम, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती सुप्रिया बिसेन, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहसंयोजक एवं मुख्य वक्ता श्री ओमजी शर्मा, तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्री मुकेश मेहता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयकों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री कलसिंह भाबर ने कहा कि जल, जंगल, जमीन, जानवर और जन की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में सद्भावना की भावना विकसित कर प्रदेश के प्रत्येक गांव को अभ्युदय की ओर ले जाना होगा। उन्होंने युवाओं से गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाने का आह्वान करते हुए दीपक की भांति स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक श्री अमित शाह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर युवा स्वयं के साथ-साथ अपने गांव और समाज का विकास कर सकते हैं। व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षय सिंह मरकाम ने कहा कि इस अभियान को ग्राम स्तर तक ले जाना आवश्यक है तथा इस दिशा में प्रशासन द्वारा जन अभियान परिषद को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जिले में जलसुनवाई का हुआ आयोजन



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को बड़वानी जिले की विभिन्न नगरीय निकायों में स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जल सुरक्षा, जल संरक्षण एवं जल सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और जल संबंधी शिकायतों का निराकरण करना रहा। नगर पालिका बड़वानी के वार्ड क्रमांक 01, नवलपुरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री जयति सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्वनी निक्कू चौहान सम्मिलित हुईं। कलेक्टर ने जल सुनवाई रजिस्टर का अवलोकन किया और अमृत मित्र द्वारा किए जा रहे जल परीक्षण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। शिविर में कुल 22 शिकायते पाइपलाइन लीकेज एवं नमूना परीक्षण से संबंधित प्राप्त हुईं। पाइपलाइन से संबंधित कार्यों को दुरुस्त किया गया साथ ही मौके पर ही अमृत मित्र द्वारा पानी के नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसमें पेयजल की गुणवत्ता मानक के अनुरूप पाई गई। जिलेभर की विभिन्न नगरीय निकायों में हुआ जल सुनवाई का आयोजन बड़वानी शहर के साथ-साथ जिले की अन्य निकायों में भी उत्साहजनक गतिविधियां देखी गईं- 1.सेंधवा एसडीएम श्री आशीष की उपस्थिति में जल सुनवाई की गई, जहाँ नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया।

## वैष्णवी नागेश की मौत का हिसाब कौन देगा? डॉ. अनुपमा, आनंद, रेहाना, मुफज्जल पर सवाल







**बुरहानपुर/ आयूष भावसार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल में स्वर्गीय वैष्णवी चौहान एवं उनके पति स्वर्गीय नागेश चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब समस्त सकल हिन्दू समाज इस प्रकरण को लेकर खुलकर सामने आया है और पूरे मामले को गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही एवं प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम बताते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम CBI जांच की मांग का ज्ञापन सौंपा गया है। यह ज्ञापन जिला कलेक्टर हर्षसिंह के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि जिला प्रशासन द्वारा हकीमी अस्पताल का लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन निरस्त किए जाने के बावजूद अस्पताल को आज दिनांक तक विधिवत रूप से सील नहीं किया गया। आरोप है कि अस्पताल परिसर में आज भी तीन शिफ्टों में लगभग 42 नर्स, वार्ड बॉय और अन्य कर्मचारी नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं, जो नियमों के सीधे उल्लंघन के साथ-साथ जनसुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है।

ऑपरेशन के दौरान हुई वैष्णवी चौहान की असमय मौत- समस्त सकल हिन्दू समाज के अनुसार 11 नवंबर 2025 को हकीमी अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में गर्भाशय संबंधी ऑपरेशन के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई। इसी दौरान स्व. वैष्णवी चौहान की हालत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उस समय ऑपरेशन थियेटर में डॉ. अनुपमा दीक्षित, डॉ. आनंद दीक्षित, डॉ. रेहाना बोहरा एवं डॉ. मुफज्जल बोहरा सहित अन्य डॉक्टर मौजूद थे, लेकिन घटना के इतने समय बाद भी किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि यदि जिला प्रशासन समय रहते संबंधित डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई करता, तो पीड़ित परिवार को न्याय मिल सकता था और आगे की घटनाओं को रोका जा सकता था।

नागेश चौहान की मौत ने खड़े किए और सवाल

मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब 31 दिसंबर 2025 को स्व. नागेश चौहान की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। समाज का कहना है कि यह घटना भी सीधे तौर पर प्रशासन की लापरवाही से जुड़ी है। यदि हकीमी अस्पताल को पहले ही पूर्णतः बंद कर दिया गया होता, तो यह दूसरी मौत नहीं होती। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर जिला प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हकीमी अस्पताल का विवादों से पुराना नाता- ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि हकीमी अस्पताल का नाम पहले भी कई बार विवादों में रहा है। आरोप है कि यहां पूर्व में भी ऑपरेशन के दौरान मरीजों के साथ गंभीर लापरवाही हुई है, जिसमें कई लोगों ने अपने अंग गंवाए, जबकि कई परिवारों ने अपने भाई, पति, पुत्र और पिता को खो दिया। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

15 दिनों से कार्रवाई शून्य, बढ़ता आक्रोश- समस्त सकल हिन्दू समाज ने आरोप लगाया है कि बीते 15 दिनों में शासनङ्कप्रशासन द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो जनआंदोलन का रास्ता भी अपनाया जा सकता है।


## कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन, कोयला फाटक उज्जैन Ph-0734-2535229

-: (Online)निविदा आंमत्रण सूचना :-

विज्ञप्ति क्रं / शि-वि /2026/55 उज्जैन दिनांक :-12/01/2026

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र अ (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आंमत्रित की जाती है, तथा ठेकेदार की (श्रेणी शी) एम.पी. गर्वमेंट व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल के एस.ओ.आर. 02.08.2021 अनुसार सिरियल क्रं. 1 से 6 तक का टेण्डर फार्म मूल्य 1000/- सिरियल क्रं. 7 से 11 तक का टेण्डर फार्म मूल्य 2,000/- रहेगा।

सिरियल क्रं. 1 से 11 तक का ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 24.01.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 24.01.2026 समय 17:30 रहेगी। सिरियल क्रं. 1 से 17 तक का की ऑनलाईन निविदा दिनांक 27.01.2026 समय 11:00 बजे खोली जावेगी।

विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लगत | अर्नेस्टमनी रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_474710_1 | वार्ड क्रं. 37 ग्रैण्ड होटल परिसर कमरा नम्बर 201 में रिनोवेशन तथा पुताई कार्य। | 79,723/- | 1600/- | 30 दिन |
| 2 | 2026_UAD_474723_1 | वार्ड क्रं. 37 ग्रैण्ड होटल परिसर कमरा नम्बर 201 में सीलिंग तथा वाटरप्रुफिंग कार्य। | 83,812/- | 1680/- | 30 दिन |
| 3 | 2026_UAD_474729_1 | ग्रेण्ड होटल परिसर आवास क्रं. 05 में प्लम्बिंग तथा सेनेटरी फिटिंग कार्य। | 84,083/- | 33900/- | 60 दिन |
| 4 | 2026_UAD_474734_1 | ग्रैण्ड होटल परिसर आवास क्रं. 05 में पुताई कार्य। | 84,680/- | 1700/- | 30 दिन |
| 5 | 2026_UAD_475149_1 | कोठी रोड़ पर सौंदर्याकरण तथा पेंटिंग कार्य। | 84,129/- | 1685/- | 30 दिन |
| 6 | 2026_UAD_474385_1 | तरणताल चौराहे से कोठी रोड़ पर सौन्दर्यकरण/पेंटिंग कार्य। | 96,384/- | 1930/- | 30 दिन |
| 7 | 2026_UAD_474358_1 | वार्ड क्रं. 45 अंतर्गत संतनगर में भवन क्रं. 49 से 58 तक नाली निर्माण। | 4,75,575/- | 4760/- | 30 दिन |
| 8 | 2023_UAD_2983063_13 | वार्ड क्रं. 44 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली तथा पुलिया निर्माण। | 11,06,057/- | 22150/- | 60 दिन |
| 9 | 2023_UAD_306929_12 | वार्ड क्रं. 45 अंतर्गत एल.पी. भार्गव नगर में नाली निर्माण कार्य। | 12,80,581/- | 25620/- | 60 दिन |
| 10 | 2023_UAD_298927_13 | वार्ड क्रं. 46 अंतर्गत सिंधी कॉलोनी में क्रॉसड्रेन निर्माण एवं एजिंग कार्य। | 8,47,449/- | 17000/- | 60 दिन |
| 11 | 2023_UAD_258887_17 | वार्ड क्रं. 46 अंतर्गत शास्त्री नगर में सीवर लाईन के चेम्बर का निर्माण कार्य। | 4,57,494/- | 9150/- | 30 दिन |

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन
उज्जैन दिनांक :-12/01/2026


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)

# मकर संक्रांति: दो दिन पर्व का उल्लास, आज होगी पतंगबाजी, कल घाटों पर लगेगी डुबकी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में मकर संक्रांति का उत्साह दो दिनों तक छाया रहेगा। आज बुधवार को आसमान रंगबिरंगी पतंगों से गुलजार होगा, जबकि कल गुरुवार को श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान-दान कर पुण्य अर्जित करेंगे। शहर के घाटों पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, वहीं बाजारों में पतंगों की रौनक चरम पर है।

आज बुधवार सुबह से ही शहर की छतों और मैदानों पर बच्चों व युवाओं की भीड़ जुटेगी। पतंग उड़ाने और पेंच लड़ाने का रोमांच चरम पर रहेगा।

शहर के तोपखाना, शहीद पार्क, सिंधी कॉलोनी सहित कई बाजारों में देर रात तक खरीदार उमड़ते रहे। इस बार कार्टून कैरेक्टर और फिल्मी सितारों वाली आकर्षक पतंगों की खास मांग रही।

इधर प्रशासन की सख्ती के चलते दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर स्पष्ट पेम्पलेट लगाए हैं यहां चायना डोर नहीं मिलती। कार्रवाई की आशंका से चायना डोर की बिक्री लगभग बंद है।

कल शिप्रा घाटों पर आस्था का सैलाब- गुरुवार को मकर संक्रांति स्नान-दान पूर्णिमा के अवसर पर रामघाट और दत्त अखाड़ा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की उम्मीद है।

नगर निगम ने दोनों घाटों की विशेष सफाई कर उन्हें चमका दिया है। नर्मदा का स्वच्छ जल पाइपलाइन से लाकर शिप्रा में छोड़ा गया है, ताकि श्रद्धालु पवित्र और स्वच्छ जल में डुबकी लगा सकें। इसके लिए मंगलवार को सुबह से सफाई मित्र दल घाटों पर जुटे रहे और देर शाम तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

महाकाल में तिल पकवानों का भोग, विशेष श्रृंगार- आज महाकालेश्वर मंदिर में भी मकर संक्रांति का उल्लास रहेगा।

आशीष पुजारी के अनुसार, तड़के भस्मार्ती में सुगंधित द्रव्यों के साथ तिल के तेल युक्त गर्म जल से भगवान का अभिषेक होगा।इसके बाद विशेष श्रृंगार और तिल्ली से बने पकवानों का भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर में आकर्षक सजावट रहेगी।

### आज और कल यह रहेगा खास

दो दिन का पर्व- आज पतंगबाजी, कल स्नान-दान

घाटों पर साफ-सफाई- नर्मदा का स्वच्छ जल शिप्रा में भेजा गया

चायना डोर पर सख्ती- बाजारों में जागरूकता पोस्टर लगाए गए

महाकाल मंदिर में विशेष अनुष्ठान- तिल के तेल से स्नान व तिल्ली पकवानों का भोग

# 10 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा और ऑटो से बढ़ा ट्रैफिक प्रेशर

## कहीं भी रोककर सवारी भर रहे चालक, न रूट तय न किराया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा और ऑटो वाहनों की बेतरतीब आवाजाही लगातार ट्रैफिक पर दबाव बढ़ा रही है। सुबह-शाम के समय तो कई रास्तों पर हालात ऐसे हो जाते हैं कि छोटे जाम अब रोजमर्रा का हिस्सा बन चुके हैं।

आरटीओ और यातायात पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक शहर में इस समय 8 हजार से अधिक ई-रिक्शा, करीब 4 हजार ऑटो, और 1,500 से ज्यादा मैजिक/अन्य सवारी वाहन बिना किसी निर्धारित रूट और निगरानी के मनचाहे तरीके से दौड़ रहे हैं।

इनके चालक सवारी के लिए अचानक कहीं भी ब्रेक लगा देते हैं। अधिकतर ई-रिक्शा चौराहों पर खड़े रहते हैं, जिससे चौराहों की वास्तविक क्षमता 30ङ्क40त्न तक कम हो जाती है और जाम लगना लाजिमी है। कई बार वाहन चालकों की इसी अव्यवस्था के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं।

यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना आम बात हो गई है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े नेटवर्क के बावजूद शहर में इनके लिए न तो स्टैंड तय किए गए हैं, न किराया सूची, और न ही रूट तय हैं।

पिछले वर्ष ई-रिक्शा से हुए कई हादसे चेतावनी बन सकते थे, पर स्थिति अब भी जस की तस है। ट्रैफिक विभाग और प्रशासन को इन वाहनों के लिए अलग से स्टैंड और रूट तय करने की जरूरत महसूस होने लगी है।

### डेटा एक नजर में

ई-रिक्शा- 8,000+
ऑटो (थ्री-सीटर)- 4,000
मैजिक/अन्य वाहन- 1,500+
कुल- लगभग 13,500 वाहन


### मुख्य समस्याएं

कहीं भी रुककर सवारी भरना
चौराहों पर कब्जा
मनमाना किराया
तय रूटों का अभाव
सीट क्षमता से दोगुना यात्रियों को बैठाना

## आज आकाश में सकारात्मक विचारों के बीज बो रहे, कल इनके फल भी मिलेंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागो! भारत-लेख प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता का सफल आयोजन रूपांतरण सभागृह, दशहरा मैदान, उज्जैन में किया गया। यह आयोजन रूपांतरण यूथ डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि रूपांतरण संस्था विगत 16 वर्षों से निरंतर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के वैचारिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन करती आ रही है। इस भावना और उदेश्य से की 'आज आकाश में सकारात्मक विचारों के बीज बो रहे, कल इनके फल संसार को मिलेंगे। यह रूपांतरण की एक सूक्ष्म किंतु प्रभावी प्रयास है। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद का वह बोध वाक्य जो मुझे प्रेरित करता है रहा, जिस पर विद्यार्थियों ने अत्यंत सारगर्भित, प्रेरणादायी एवं मौलिक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एवं मार्गदर्शक प्रो. वीरूपाक्ष वि. जड्डीपाल (मनीषी विद्वान एवं सचिव, महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन) तथा मुख्य अतिथि विभाष उपाध्याय (अध्यक्ष, श्री अरविंद सोसायटी, उज्जैन एवं पूर्व उपाध्यक्ष, म.प्र. जनअभियान परिषद) रहे।

# पुलिस कर्मी के साथ 4 अज्ञात बदमाशों ने की मारपीट



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक से जावरा जा रहे पुलिस कर्मी के साथ रास्ते में चार अज्ञात लोगों ने रास्ता रोक मारपीट कर दी। घायल पुलिस कर्मी को उपचार के लिए रात में चरक अस्पताल लाया गया।

बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन में पदस्थ पुलिस कर्मी बबलू पिता रामानंद रायपुरिया बाइक से जावरा जा रहा था। महिदपुर रोड के रास्ते से गुजरते समय उसे अज्ञात चार लोगों ने रोका और गाली गलौज करते हुए डंडे और पाइप से मारपीट करने लगे। पुलिस कर्मी सादी वर्दी में था। चारों लोग मारपीट करने के बाद मौके से भाग निकले। घायल पुलिस कर्मी की जानकारी महिदपुर रोड थाना पुलिस को लगी तो मौके पर पहुंची। घायल बबलू को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया जहां से उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस कर्मी से मारपीट का एक मामला महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महू में हुआ। रविवार सोमवार डायल 112 पर इवेंट मिलने पर आरक्षक राजेश चौडिया और पायलेट मौके पर पहुंचे थे। जहां लोगों की भीड़ को हटाने के दौरान आरक्षक के साथ रमेश, भंवर, जीवन और एक महिला ने एकमत होकर आरक्षक पर पथराव कर दिया। चोंट लगने पर आरक्षक घायल हो गया। महिदपुर थाना पुलिस ने आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज किया है।

# नगर निगम के लोक परिवहन के कई वाहन वर्षों पुराने

## फायर ब्रिगेड से लेकर पीएचई विभाग में सबसे ज्यादा अनफिट गाड़ियाँ-समय पर मेंटेनेंस नहीं होता




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम में 5 से ज्यादा वाहन ऐसे हैं जो 30 साल से ज्यादा पुराने हैं, वहीं लगभग 15 वाहन ऐसे हैं जो 20 साल की उम्र पार कर चुके हैं, लेकिन इन वाहनों को बाहर कर नए वाहन खरीदने की ओर नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

नगर निगम और पीएचई से जुड़े सूत्रों के मुताबिक नगर निगम में करीब 300 छोटी बड़ी गाडियों का अमला है। इनमें से 100 गाड़ियाँ तो केवल ग्लोबल कंपनी के द्वारा कचरा संग्रहण और कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुँचाने में ही इस्तेमाल होती हैं। शेष गाड़ियाँ नगर निगम के पास रहती हैं। खास बात यह है कि इसमें से कई गाड़ियाँ ऐसे हैं जो 30 सालों से भी ज्यादा पुरानी है, लेकिन उन गाड़ियों को अभी भी नगर निगम खींच रहा है। आंकड़ों पर नजर डाले तो नगर निगम के फायर विभाग में 24 वाहन मौजूद हैं। इसमें से दो फायर फाइटर नगर निगम ने 1992 में खरीदे थे। इसी प्रकार 2 वाटर्स टैंकर्स ऐसे हैं जिनकी उम्र 33 साल के आसपास है। इनमें फायर बिग्रेड की गाड़ियों को पानी पहुँचाने में लगी गाड़ियाँ भी मौजूद हैं। नगर निगम के पास मौजूद एक शव वाहन भी लगभग 35 साल पहले नगर निगम ने खरीदा था। ये सभी गाड़ियाँ फिलहाल सडक़ पर दौड़ती हैं। सभी भारी वाहनों का हर साल फिटनेस कराना जरूरी होता है लेकिन नगर निगम की गाड़ियाँ का बरसों से फीटनेस ही नहीं हुआ है। जिसके कारण इन गाड़ियों का बीमा भी नहीं होता है। ऐसे में नगर निगम के ये वाहन दुर्घटना के दौरान और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं।

# पुलिस देखकर भागा बदमाश ब्रिज की सीढ़ियो से गिरकर हुआ घायल

## शास्त्रीनगर में युवक को मारे थे चाकू, 10 से ज्यादा दर्ज है अपराध



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शास्त्रीनगर में युवक के सीने में चाकू घोंपकर हत्या का प्रयास करने वाला बदमाश सोमवार को पुलिस देख भागने का प्रयास कर रहा था। मोहनपुरा ब्रिज की सीढियों से गिरने पर उसका पैर टूट गया। बदमाश को अभिरक्षा में उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया।

26 दिसंबर की शाम शांतिनगर में रहने वाला धर्मेन्द्र उर्फ बांका पिता बंशीलाल बाथम 18 साल दोस्त भोला के साथ शास्त्रीनगर ग्राउंड के पास नाश्ता करने गया था। उसी दौरान बाइक से आये बदमाश रोहित पिता रामप्रसाद बंजारा निवासी सुदर्शननगर ने अपने साथी के साथ बाइक से आकर धर्मेन्द्र के सीने में चाकू घोंप दिया था। घटनाक्रम सामने आने के बाद नीलगंगा थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। रोहित बंजारा लगातार फरार चल रहा था। सोमवार को खबर मिली कि बदमाश रोहित बड़नगर मार्ग मोहनपुरा की ओर दिखाई दिया है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने फरार चाकूबाज बदमाश की तलाश में टीम को रवाना किया। रोहित बंजारा ने पुलिस को देखा तो मोहनपुरा ब्रिज पर दौड़ लगा दी। उसने ब्रिज के साइड में बनी सीढियों से उतरकर भागने का प्रयास किया, लेकिन गिरकर घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया, उसके पैर में चोंट लगी थी। बदमाश को चरक अस्पताल लाया गया। जहां पैर में फैक्चर होना सामने आया। डॉक्टरों ने उसे लिये भर्ती किया है। पुलिस अभिरक्षा में उपचार करा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि रोहित बंजारा अपराधिक प्रवृति का है। सालभर में उसके खिलाफ चाकूबाजी के 10 मामले दर्ज हो चुके है। शास्त्रीनगर में हुई चाकूबाजी के दौरान प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया था। उसके एक साथी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रोहित बंजारा के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर उसे न्यायालय में पेश कर किया जायेगा।

## जेल में बंद 100 से अधिक कैदियों को है गंभीर बीमारियां, हृदय रोगी भी शामिल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भैरवगढ़ जेल में बीमार कैदियों की संख्या 100 से अधिक है। जेल में टीबी, कैंसर और हार्ट जैसी बीमारियों के कारण 100 से ज्यादा कैदी पीड़ित हैं। कुछ मामलों में, कैदियों को कैंसर जैसी बीमारियां भी हैं। मिली जानकारी के मुताबिक भैरवगढ़ जेल दो हजार से ज्यादा कैदी हैं, जिनमें से 20 कैदी हार्ट के मरीज हैं। वहीं 50 कैदी ऐसे हैं जिन्हें मानसिक रोग ने घेर रखा है। कुछ तो पागलपन की स्थिति तक पहुंच गए हैं। चार कैदी कैंसर, 4 कैदी टीबी, 12 से 15 कैदी एड्स से ग्रसित हैं। यह बात राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भैरवगढ़ जेल में समय समय पर लगाए जाने वाले स्वास्थ्य कैंप में सामने आई हैं। बता दें कि भैरवगढ़ जेल में बंद 50 से अधिक कैदियों में मानसिक बीमारी की समस्या बनी हुई है। इसमें 6 महिला कैदी हैं। ऐसे में जेल प्रशासक को भी इन कैदियों का ध्यान रखने में काफी समस्या आती है। इसके अलावा दूसरे कैदियों की सुरक्षा की चुनौती भी रहती है। भैरवगढ़ जेल में भी मानसिक रूप से ग्रसित कैदियों की दिमागी हालत के मद्देनजर गंभीर रूप से बीमार कैदियों को दूसरों से अलग शिफ्ट करने की व्यवस्था की गई है। ताकि वे दूसरे कैदियों को नुकसान ना पहुंचा सकें।

## गांजा तस्कर को 4 साल का कारावास

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गांजा तस्करी में 5 साल पहले गिरफ्तार किए गए तस्कर को न्यायालय ने 4 साल की सजा सुनाई है। फैसला आते ही पुलिस ने तस्कर को कस्टडी में लिया और मेडिकल परीक्षण करने के बाद केंद्रीय जेल भेज दिया। चिमनगंज थाना पुलिस ने अक्टूबर 2020 में प्रेम नगर ब्रिज के पास से लाल रंग की टी-शर्ट पहने हाथ में प्लास्टिक की बोरी लेकर खड़े व्यक्ति को पकड़ा था जिसके पास से 15 किलो गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ करने पर गांजा तस्कर का नाम जितेंद्र पिता श्याम बुंदेला निवासी शिव शक्ति नगर सामने आया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया था। 5 साल चली सुनवाई के बाद मंगलवार को पवन कुमार पटेल, विशेष न्यायाधीश महोदय एन.डी.पी.एस. एक्ट जिला उज्जैन द्वारा आरोपी जीतु उर्फ जितेन्द्र पिता श्यामसिंह बुंदेला 48 वर्ष, निवासी शिव शक्ति नगर जिला उज्जैन को धारा 8(सी)/20(इ)(पप)(ठ) एन.डी.पी.एस. एक्ट 1985 में 04 वर्ष सश्रम कारावास, एवं 1,000/- रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा जप्तीकर्ता अधिकारी रवीन्द्र कटारे उप-निरीक्षक को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। पैरवी नितेश कृष्णन, विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

## व्यापार मेले से संबंधित जो भी कार्य नगर निगम द्वारा किए जाने हैं वह निश्चित समय अवधि में पूर्ण करें - प्रभारी निगम आयुक्त



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** व्यापार मेला 2026 जो कि फरवरी माह में प्रस्तावित है मेले से संबंधित नगर निगम की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को प्रभारी निगम आयुक्त श्री संतोष टैगोर द्वारा निगम अधिकारियों के साथ व्यापार मेला आयोजन को लेकर बैठक की गई। प्रभारी निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों से व्यापार मेले आयोजन को लेकर चर्चा की गई जिसमें वर्तमान में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है फरवरी माह में प्रस्तावित एक माह तक आयोजित मेले में नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है इसके लिए मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सिविल वर्क इत्यादि जो भी व्यवस्थाएं हैं वह मेले की तारीख निश्चित होने के पश्चात समय पूर्व सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, श्री संदीप शिवा, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, श्री मनोज मौर्य, श्री संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री वैभव भावसार, श्री पलाश शर्मा, सहायक यंत्री श्री साहिल मैदावाला, श्री शिवम दुबे, श्री निर्झर शुक्ला एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# स्वस्थ पहल सम्मान समारोह में स्वच्छता का सम्मान पाकर व्यापारियों के चेहरे खुशी से खिल उठे




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास को पूर्ण रूप से प्रबंधित करने हेतु महापौर श्री मुकेश टटवाल के निर्देश पर नगर निगम द्वारा आईईसी सदस्यों की उपस्थिति में विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया गया था जिसमें प्रत्येक चाय की होटल, दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं गुमटी वालों से अपील की गई थी कि अपनी दुकानों पर प्रतिबंध डिस्पोजल ग्लास का उपयोग ना करते हुए कांच के ग्लास या मिट्टी के कुल्हड़ का उपयोग किया जाए। दुकानदारों द्वारा डिस्पोजल ग्लास का उपयोग बंद करते हुए कांच के ग्लास एवं कुल्हड़ का उपयोग किया जा रहा है जिसके क्रम में मंगलवार को होटल श्रीगंगा पर शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम महापौर श्री मुकेश टटवाल की पहल पर राज्यसभा सांसद श्री उमेश नाथ जी महाराज, विधायक उज्जैन उत्तर श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर भाजपा अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष श्री रवि राय की विशेष रूप से उपस्थित आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा कहा गया कि सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे है जिसके क्रम में उज्जैन नगर पालिक निगम की आईईसी सदस्यों द्वारा इस अभियान में सहभागिता करते हुए शहर की प्रत्येक चाय की दुकान, होटल एवं गुमटियों वालों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई क्योंकि डिस्पोजल ग्लास का उपयोग करने से पर्यावरण को भी नुकसान होता है साथ ही साथ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होता है।

# भारतीय जैन संगठन ने किया प्रेरणादायी युवतियों का सम्मान



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जैन संगठन उज्जैन द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य में माधव क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज की दो प्रेरणादायी युवतियों वसुंधरा जैन एवं रूपल जैन का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

इस गरिमामय अवसर पर भारतीय जैन संगठन की प्रदेश अध्यक्ष साशा जैन, राज्य उपाध्यक्ष ओम जैन, जिला अध्यक्ष कल्पना सुराणा, शहर अध्यक्ष मनीषा ओरा, सचिव सिद्धार्थ बाफना, आभा सकलेचा, प्रफुल्ल गादिया, उषा मुथा, मनीषा सुराना, कपिल जैन सहित अनेक गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करना रहा, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

मनीषा ओरा ने बताया कि भारतीय जैन संगठन द्वारा सम्मानित वसुंधरा जैन लंदन में मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उनके इकोनॉमिक्स विषय पर शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। लंदन से भारत लौटने के पश्चात उन्हें एक एजुकेशनल रोबोट विकसित करने हेतु पेटेंट भी प्राप्त हुआ। उनकी पुस्तक द लॉजिकल रोमांटिक एक नामी पब्लिशर द्वारा प्रकाशित हुई, जो आगे चलकर बेस्टसेलर बनी। वर्तमान में वे पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही हैं, जिनमें कर्नाटक फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं।

वहीं, रूपल जी जैन ने सन् 1857 की क्रांति में अंग्रेज़ों से लोहा लेने वाली महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के जीवन पर आधारित वेब सीरीज़ में मुख्य भूमिका निभाई है। उन्होंने मथुरा (उत्तर प्रदेश) में मोहन अभिनय सांस्कृतिक संस्थान के अंतर्गत आयोजित मोहन रंग महोत्सव में भावविभोर प्रस्तुति दी।

इसके अतिरिक्त, बनारस में भारत अध्ययन केंद्र एवं परफॉर्मिंग आर्ट्स, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित श्रृश्याम महोत्सव में प्रस्तुति देकर उन्हें रजत मयूर सम्मान से सम्मानित किया गया।

रूपल जैन ने महाराष्ट्र में संस्कृतिक संघ, पुणे द्वारा आयोजित भारत सीज़न 2019 प्रतियोगिता में उच्च स्थान प्राप्त किया, जिसके फलस्वरूप उनका सिंगापुर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

# महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्री मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं प्रभारी निगम आयुक्त श्री संतोष टैगोर, एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री प्रकाश शर्मा, श्री रजत मेहता, श्री कैलाश प्रजापत, श्री अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 02.12.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई जिसमें

उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड द्वारा पीएम ई - बस योजना अंतर्गत शहर में ई बसों के संचालन हेतु डिपो निर्माण की दर स्वीकृति, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य अंतर्गत स्थल परिवर्तन किए जाने की अनुशंसा, मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत डामरीकरण सड़क कार्य अंतर्गत स्थल परिवर्तन किए जाने के संबंध में अनुशंसा, हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में दर स्वीकृति, नीलकंठ द्वारा से महाकाल चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा, नगर पालिक निगम उज्जैन क्षेत्र अंतर्गत संस्था मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस भोपाल द्वारा सीएसआर गतिविधि के माध्यम से पांच अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने हेतु स्वीकृति, गाड़ी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रंकेश्वर महादेव मंदिर तक एमआर 4 मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा, मकोडिया आम चौराहे से विराटनगर होते हुए कानीपुरा तराना मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य एवं 30 मीटर मार्ग चौड़ीकरण कार्य के संबंध में अनुशंसा प्रदान की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, श्री संदीप शिवा, अपर आयुक्त वित्त श्री पुनीत शुक्ला, उपायुक्त श्री योगेन्द्र सिंह पटेल, श्री संजेश गुप्ता, श्री मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री श्री संतोष गुप्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।